# आसपा की महारैली में उमड़े जनसैलाब ने उड़ाई कई सियासी दलों की नींद

## चंद्रशेखर की हुंकार, जहां शोषितों का पसीना गिरेगा, वहां बहा देंगे अपना खून, भाईचारा बनाओ रैली में तीन मंडलों के कार्यकर्ता गदगद नजर आए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आजाद समाज पार्टी की संविधान बचाओं और भाई बनाओं रैली में आसपा प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आज रैली में उमड़े जन सैलाब ने दिल्ली और लखनऊ की सरकारों की नींद उड़ाकर रख दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि शासन और प्रशासन आसपा और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने की हिमाकत न करे। कार्यकर्ताओं का जहां पसीना गिरेगा, वो वहां अपना खून बहाने में भी पीछे नहीं रहेंगे। इसी दौरान पूर्व विधायक शाहनवाज राना ने अपने समर्थकों के साथ आसपा में शामिल होने की घोषणा की। राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित संविधान बचाओं और सुबह से युवाओं की टोलियां शहर की सडकों पर नजर आने लगी थी, लेकिन

दोपहर होते-होते सड़कों पर कार्यकर्ताओं का सैलाब नजर आया। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि जब तक संविधान जिंदा है, तो वो भी जिंदा रहेंगे। इसलिए संविधान की रक्षा करना हम सब की पहली जिम्मेदारी है, जिसके लिए हर बलिदान देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पूर्व में रही सरकारों ने हमारे साथ धोखा किया है। हमारे महापुरूषों ने संघर्ष की मशाल को जलाया था, जिसे अब हमे आगे लेकर जाना है।

मुजफ्फरनगर से शुरू हो रही संविधान बचाने की यह यात्रा देशभर में संवैधानिक मूल्य बढ़ाने और देश के समस्त व नागरिकों में जागरूकता लाने का काम करेगी। कहा कि बीजेपी ने सत्ता पाने के लिए गरीब जनता न के साथ छल किया है और उन्हें धर्म के नाम पर लडाने का काम किया। अच्छे दिनों के ख्वाब दिखाए गए, जो कभी पूरे न होने वाले नहीं है। अच्छे दिन तब ही आएंगे, जब प्रधानमंत्री की कुर्सी तक हमारे समाज का प्रतिनिधि नहीं पहुंचता है। आज जो कुर्सी पर बैठे हैं, वो अधिकार नहीं देना चाहते। भाजपा संविधान को बदलना चाहती है, लेकिन असपा कभी उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी।

### मंच पर पहुंचते ही भीड़ हुई बेकाबू, बैरिकेडिंग पर चढ़े लोग

**मुजफ्फरनगर।** जैसे ही आजाद समाज पार्टी के मुखिया एवं सांसद चन्द्रशेखर आजाद मंच पर पहुंचे तो यहां उमडा जनसमूह बेक. ाबू हो गया। युवा उनकी एक झलक देखने को इतने उत्साहित हुए कि यहां लगाई गई बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और चन्द्रशेखर भैया जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए मंच के सामने बनाई गई डी पर भी अपना कब्जा जमा लिया। भीड़ इतना उत्साहित थी कि मंच से ही चन्द्रशेखर आजाद को व्यवस्था बनाने के लिए घोषणा करनी पड़ी, हालांकि पहले से ही यहां पार्टी की ओर से वाल्टियर लगाए गए थे,लेकिन बेकाबू भीड़ के आगे व्यवस्था बनाने में लगे वाल्टिंयर हल्कान रहे।



### आसपा की विचारधारा व चन्द्रशेखर की कार्यशैली से प्रभावित होकर की पार्टी ज्वॉईन: शाहनवाज राना

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व विधायक एवं पश्चिम के कद्दावर नेता हाजी शाहनवाज राणा एडवोकेट ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होने आजाद समाज पार्टी की विचारधारा और राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद की कार्यशाली से प्रभावित होकर आजाद समाजपार्टी ज्वाइंन की है।

उन्होने मीडियाकर्मियों के हर एक सवाल का बेबांकी से जवाब देते हुए कहा कि आज देशभर में जो हालात है वह आप लोगों के सामने है। उन्होने कहा कि अब दलितों और शोषितों का उत्पीडन लगातार हो रहा है। दलितो और पीडितों की आवाज उठाने का काम आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद ने किया है। अब निश्चित रूप से प्रदेशभर में एक नई आंधी चलेगी और बदलाव देखने को मिलेगा।

### 2027 में बनेगी आजाद समाज पार्टी की सरकार: मौ. गाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** पूर्व विधायक एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय कौर कमेटी सदस्य मौहम्मद गाजी ने मंच से कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज आप लोगों ने जो आजाद समाज पार्टी को ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम किया है उससे विरोधियों के हौंसले पस्त हुए है। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से 2027 में आजाद समाज पार्टी की सरकार बनेगी। मौ. गाजी ने कहा कि आज उमडा जनसैलाब इस बात का गवाह है कि यह अब तक की सबसे बडी रैली है। उन्होने संविधान मूल्य बचाओ भाईचारा बचाओ महारैली में पहुंचे बिजनौर नगीना सहित मेरठ, सहारनपुर व मुरादाबाद मण्डलों के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आभार जताया।

### उमड़ा जनसमूह ऐतिहासिक रैली की दलील: नवाजिश आलम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** पूर्व विधायक नवाजिश आलम ने कहा कि आज जिस तरह से आजाद समाज पार्टी के हाथों को मजबूत करने के लिए जनसमूह राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में उमडा है वह इस बात की बानगी है कि यह रैली ऐतिहासिक रैली है। उन्होने कहा कि जिस प्रकार से आज यहां हर समाज के लोगों ने पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत करने का काम किया है उससे अब प्रदेश में नया बदलाव देखने को मिलेगा।

उन्होने इशारों ही इशारों में अपनी बात कम शब्दो में कहते हुए इस शेर के साथ बात को खत्म किया कि ''हमे ही कातिल कहेगी दुनिया, हमारा ही कत्लेआम होगा''।



मुजफ्फरनगर: पार्टी के नेताओं के साथ मंच से अभिवादन स्वीकार करते चन्द्रशेखर आजाद।

### सरकार बनने पर मिलेगा 500 रुपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य

■ नौ दिन में गन्ना मुल्य भुगतान दिलाने का वादा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आसपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद ने एक तरफ जहां किसानों और बेरोजगार युवाओं से हाथ उठवाकर कहा कि किसान आज बेहाल है। एक क्विंटल गन्ना उत्पादन पर 350 रुपये से अधिक की लागत आती है। लेकिन भाव 400 मिल रहा है। यदि प्रदेश में उनकी पार्टी सत्ता में आई तो गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल दिलाया जाएगा। भुगतान की व्यवस्था भी 14 दिन के बदले नौ दिन में कराई जाएगी।

#### होगी हाई कोर्ट बेंच की स्थापना

**मुजफ्फरनगर।** आसपा अध्यक्ष ने हाईकोर्ट बैंच का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यदि सत्ता में आए तो पार्टी मेरठ में हाईकोर्ट की अतिरिक्त बैंच स्थापित कराएगी। उन्होंने कहा कि वादका. रियों को इलाहाबाद और लखनऊ हाईकोर्ट जाकर पैरवी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हमारी सरकार बनने पर इस परेशानी को दूर कराया जाएगा।

## आसपा लगाएगी डिटेंशन सेंटर पर ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि सीएम प्रदेश में एक वर्ग के लोगों को डिटेंशन सेंटर का नाम लेकर डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर आसपा ऐसे डिटेंशन सेंटरों पर ताला लगाएगी। उन्होंने एसआईआर को बड़ा खतरा बताया। कहा कि बिहार में वोट चोरी की गई। यह यूपी है, वोट का अधिकार खैरात में नहीं अंबेडकर के आशीर्वाद से मिला है। उन्होंने लोगों से एसआईआर पर सतर्क रहने का आह्वान किया। कहा कि बीएलओ के बगल में कुर्सी नहीं खाट डाल लेना।



#### एक जनवरी के बाद शुरू होगा पदयात्रा आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने कहा ईवीएम से वोट चारी की जा रही है। एक जनवरी के बाद वह पदयात्रा शुरू कर आंदोलन करेंगे। जिसमें ईवीएम समाप्त कर बैलेट से चुनाव कराने की मांग के लिए संघर्ष किया जाएगा। कहा कि मौजूदा सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के 20 हजार पद समाप्त कर दिये। युवाओं को नौकरी दिलाने के लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण दिलाया जाएगा। ठेकेदारी खत्म कर पक्की नौकरी दिलाई जाएगी। उन्होने मंच से संविधान वाली पुस्तक दिखाते हुए लोगों से संघर्ष करना का ऐलान किया।

### चन्द्रशेखर का पुतला फूंकने के प्रयास में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महावीर चौक आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला फूंकते दो लोगों को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपी जयसमता पार्टी के पदाधिकारी बताए गए है। और पुलिस ने गिरफ्तारी के तुरंत बाद ही लिखापढ़ी शुरू कर दी है।

दरअसल बुधवार को जीआईसी मैदान में आजाद समाज पार्टी की संविधान बचाओ रैली थी। जिसमें आस पास के जनपद व उत्तराखंड से लोग बड़ी संख्या में मैदान में पहुंच रहे थे। रैली में भारी भीड थी और आस पास की थानो की पुलिस और पुलिस अधिकारी व्यवस्था बनाने में लगे थे इस बीच दो लोग महावीर चौक पर पहुंचे और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर रावण का पुतला फूंकने का प्रयास करने लगे। इसी बीच ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मियों की नजर उन पर पडी तो यहां तैनात पुलिस तुरंत ही उनकी ओर दौड पडी। पुलिस ने पुतला फूंकने का प्रयास कर रहे दोनों युवकों को हिरासत में लिया और सिविल लाइन थाने की हवालात में डाल दिया। पुलिस का कहना है कि दोनो आरोपी जयसमता पार्टी के पदाधिकारी है और उनके खिलाफ पुलिस ने लिखा पढी कर दी है। पुलिस का यह भी दावा है कि दोनो को जेल भेजा जा रहा है। फिलहाल पुलिस दोनो आरोपी जयसमता पार्टी के कार्यकर्ताओं से पूछताछ में लगी है।

## तितावी क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने वृद्ध को रौंदा



### पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र में तेज गति से आई कार ने वृद्ध को रौंद डाला घटना के बाद वृद्ध की हालत चिंताजनक हो गई। ग्रामीणों ने सूचना देकर एंबुलेस को बुलाया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की। और दुर्घटना करने वाले चालक की तलाश शुरू कर दी।

बताया जाता है कि ग्राम ढिंढावली निवासी 70 वर्षीय राज. कुमार किसी काम से रोड पर आए थे। जब वह सड़क पार कर रहे थे तो अचानक तेज गति से आई कार ने उनको टक्कर मारकर काफी ऊचे तक उछाल दिया। इस घटना में राजकुमार लहुलूहान हो गए और उनकी दोनो टंगों में गंभीर चोटे आई। कुछ ही देर में यहां ग्रामीणों की भीड इकघ्ठा हो गई। उनके द्वारा दी गई सूचना पर एंबुलेंस 108 मोके पर पहुंची। इस समय घायल वृद्ध के सिर, पैर व हाथ में गंभीर चोटे लगी थी। घायल को स्थानीय अस्पताल से गंभीर हालत में रैफर कर दिया गया।



मुजफ्फरनगर: संविधान बचाओ-भाईचारा बनाओ महारैली में बैठे पार्टी पदाधिकारी।

### नहीं पहुंची आजाद को चैलेंज करने वाली रोहिनी, पुलिस रही सतर्क

**मुजफ्फरनगर।** आजाद समाज पार्टी के मुखिया एवं नगीना सीट से सांसद चन्द्रशेखर आजाद को चैलेंज करने वाली रो. हिनी घावरी रैली में नहीं पहुंची उसकी घोषणा के बाद से ही पुलिस यहां सतर्क हो गई थी। दरअसल रोहिणी ने एक दिन पहले एक्स पर लिखा था कि मैं भी रैली में शामिल हो रही हूं जो होगा देखा जाएगा। रोहिणी के ऐलान के बाद सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन एलर्ट हो गया था।

### पश्चिम की ओर से किया गया ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदा गन्ना भेंट

**मुजफ्फरनगर।** मंच पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मान में कार्यकर्ताओं ने उन्हे अलग-अलग प्रतीक चिन्ह भेंट किए, लेकिन मंच पर पश्चिम उत्तर प्रदेश कार्यकर्ताओं की ओर से छोटा ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदा गन्ना कार्यकर्ताओं ने उन्हे सप्रेम भेंट किया। इसके अलावा यहां उन्हे हल भी भेंट की गई।

### जानसठ ओवरब्रिज से ही लोगों ने सुना संबोधन

**मुजफ्फरनगर।** रैली में अलग-अलग क्षेत्रों से आए उमडी अपार भीड़ के चलते लोगों को सभास्थल तक पहुंचने का मौका ही नहीं मिला जाम लगने के कारण अधिकतर लोग रास्ते में ही रूके रहे। जानसठ ओवरब्रिज के ऊपर ट्रैक्टर-ट्रॉली व गाडियों की लाइन लगने के कारण लोग ऊपर से ही अपने नेता के विचार सुनते रहे।

## पति की तलाश में भटक रही विवाहिता

■ ससुरालियों पर पति को छिपाने का आरोप, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पीड़िता कई माह से अपने पति की तलाश में इधर-उधर भटक रही है, लेकिन गुमशुदगी दर्ज होने के बाद भी न तो पुलिस उसके पति को तलाश कर पाई और न ही वह घर लौटा। महिला ने खालापार थाने में एक शिकायती पत्र दिया है जिसमें वह अपने ससुरालियों पर पति को छिपाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगा रही है। पीडिता ने अपने पति पर दूसरी शादी की फिराक में होने का भी आरोप लगाया है। थाना खालापार पुलिस ने महिला की तहरीर पर इस मामले की छानबीन शुरू कर दी।

कस्बा जानसठ के बुद्ध बाजार की रहने वाली महिला ने खालापार थाने में पहुंचकर पुलिस को एक लिखित तहरीर दी है इसमें बताया गया कि वह अपने पति और बच्चों के साथ खादर वाला स्थित एक मकान मे किराये पर रहती थी। पीडिता ने बताया कि 7 जुलाई 2025 की सवेरे करीब दस बजे विवाद के चलते उसके पति उसके साथ मारपीट की और जब वह घायल हो गई तो पति उसे छोडकर चला गया।

इसके बाद से वह अपने पति की लगातार तलाश कर रही है, लेकिन पति अनुज का कहीं पता नहीं चल रहा। पीडिता का कहना है कि इस मामले में पहले भी खालापार थाने में एक तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति अपने माता-पिता के साथ रहता है और वह तथा उसके बच्चे खर्च को लेकर परेशान है।

पीडिता का यह भी आरोप है कि दहेज के लिए उसका पति दूसरी शादी करने के लिए उससे छिपा हुआ है। और कई बार जब उसने अपने पति से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद आने लगा। पीड़िता ने अपने सास-ससुर व देवर आदि पर गंभीर आरोप लगाए है और अपने व अपने बच्चों का जान-माल का खतरा बताया है। पीडिता का कहना है कि उसने महिला थाने में न्याय व सुरक्षा की गुहार लगाई थी लेकिन वहां भी उसकी कोई सुनवाई नहीं की गई।

## फर्जी बैनामे और भूमि पर कब्जे का आरोप

### प्रधानपति सहित कई के खिलाफ सिखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विदेश में कारोबार कर रहे एनआरआई भाईयों की कृषि भूमि के फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। और पीड़ित परिवार ने रंगदारी मांगने, फसल उजाडने और हमला करने का भी आरोप लगाया। पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच पडताल शुरू कर दी है।

सिखेडा थाना क्षेत्र के बहादरपुर में एनआरआई भाईयों की कृषि भूमि पर कब्जा करने और फर्जीवाडे बैनामे का मामला अधिकारियों तक पहुंच गया है और यह मामला हाल में गर्मा भी रहा है। जैसा कि पता चला है कि भोपा थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा निवासी मुमताज अली पुत्र अमीर हसैनन ने सिखेडा थाने में एक तहरीर दी है जिसमें बताया गया कि उनके सगे भांजे मौ. अखतर व जीशान हैदर पुत्रगण स्व. अली अख्तर निवासी ग्राम बिलासपुर थाना नई मंडी कोतवाली करीब 25 वर्षो से से दुबई में रहकर कारोबार करते है। पत्र में बताया गया कि दोनो भाई एनआरआई है और बहादरपुर में स्थित उनकी कृषि भूमि खसरा नम्बर 66/1 रकबा 0.475 हेक्टेयर और 67/1 रकबा 1. 917 हेक्टेयर की देखभाल उनके परिजन करते हैं। मुमताज ने यह भी जानकारी दी कि मनोज कुमार पुत्र तिलक राम निवासी ग्राम कूकडा थाना नई मंडी कोतवाली और ओमपाल पुत्र सुखबीर निवासी ग्राम पचौंडा थाना नई मंडी कोतवाली ने एक साजिश के तहत खसरा नम्बर 67/3 की कृषि भूमि का एक फर्जी बैनामा तैयार कर उसे सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव बहादरपुर निवासी और गांव के प्रधानपति भगत सिंह के नाम करा दिया है। ऐसा आरोप भी शिकायतकर्ता ने पुलिस के समक्ष कराया गया है, जबकि उक्त स्थान पर खसरा नम्बर 67/3 की कोई भूमि नहीं है और न ही इस भूमि पर किसी का कब्जा है। यह भी शिकायत की गई है कि तहसील सदर प्रशासन ने इससे पहले भी आरोपी मनोज कुमार के विरूद्ध जांच रिपोर्ट दी थी। और उसके विरूद्ध कोर्ट में मामला भी विच. ाराधीन है। दी गई तहरीर में बताया गया कि 14 नवंबर 2025 की शाम पांच बजे उक्त भूमि का बैनामार्ा अपने नाम कराने के आरोपी ग्राम ल प्रधान पति और उसके भाई हरेन्द्र, शिवराज, ध्यानसिंह उर्फ शोदान, अजब सिंह, धर्मेन्द्र, योगेन्द्र आदि ने एक अमीन को लेकर उनकी भूमि पर पहुंचे और उक्त जमीन में लगाई गई खेती को ट्रेक्टर से बिस्मार कर दिया। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने जमीन पर अपना कब्जा दिखाने का प्रयास किया और विरोध करने पर उसे व उसके रिश्तेदार सबी हैदर आदि पर लाठी-डंडो से हमला कर दिया और उनके साथ वि गाली गलौच की।

पीड़ित की दी गई तहरीर में ओर अन्य आरोप लगाए है। पीडित का यह भी आरोप है कि उनसे बीस लाख रूपये भी मांगे जा रहे है। और अब लगातार उन्हे धमकिया मिल रही है। बताया जाता है कि इस मामले में सिखेडा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ब्लैकमेलर के खिलाफ दर्जनों पीड़ितों ने पुलिस को सौंपे शपथ पत्र, कार्रवाई की उठी मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में लंबे समय से व्यापारियों और आम लोगों की परेशानी का कारण बने शातिर ब्लैकमेलर के खिलाफ अब जनता खुलकर सामने आ गई है। बुधवार को खतौली पुलिस ने ब्लैकमेल के शिकार दर्जनों पीड़ितों, व्यापारियों व शिकायतकर्ताओं से शपथ पत्र लेकर कार्रवाई की रफ्तार तेज कर दी। वही लोगों ने ब्लैकमेलर के गुर्गो का सुराग लगाकर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ब्लैकमेलर के साथ साथ उसके गुर्गों की लिस्ट भी तैयार कर रही है पुलिस ने लोगों को ब्लैकमेलर के साथ साथ उसके गुर्गों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

ब्लैकमेलर का शिकार हुए लोगो की लिस्ट में एमडीए विभाग के कर्मचारी, स्कूल संचालक, मोबाइल व्यापारी सहित कई लोग शामिल हैं, जिन्होंने ब्लैकमेलर द्वारा की गई वसूली का पूरा ब्यौरा शपथ पत्र में लिख कर पुलिस को सौंपा है। पीड़ितों का कहना है कि यह तो केवल शुरुआती लोग हैं, जबकि नगर के लगभग 85 प्रतिशत लोग इस ब्लैकमेलर के शिकार रह चुके हैं, जिनसे धमकाकर लाखों रुपये की अवैध वसूली की गई है।

**व्यापारियों ने भी मानी गलती, धमकी पर पैसे दिए, इसलिए बढ़ता गया हौसला**

नगर के कुछ जिम्मेदार लोगों ने स्वीकार किया कि ब्लैकमेलर को बढ़ावा देने में कई व्यापारी भी जिम्मेदार रहे, जो उसे एक बार धमकी मिलने पर ही मोटी रकम दे देते थे। यदि शुरू में ही सभी लोग एकजुट होकर आवाज उठाते, तो यह स्थिति पैदा ही न होती।

जेई राजीव कोहली ने दिखाई हिम्मतख्ररंगदारी मुकदमा दर्ज होते ही जागे लोग

एमडीए के जेई राजीव कोहली द्वारा ब्लैकमेलर किक्की जैन के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद लोगों में राहत की भावना पैदा हुई। इसी साहस से प्रेरित होकर बुधवार को दर्जनों लोग कोतवाली पहुंचे और शपथ पत्र सौंपकर ब्लैकमेलर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**गुर्गों पर भी कार्रवाई की मांग, चारों कोनों में सक्रिय नेटवर्क**

पीड़ितों ने बताया कि ब्लैकमेलर के गुर्गे नगर में चारों दिशाओं में सक्रिय हैं। यही लोग मकान-दुकान निर्माण या किसी भी गतिविधि की जानकारी उसे पहुंचाते हैं, जिसके बाद ब्लैकमेल का खेल शुरू होता है। लोगों ने गुर्गों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। लोगों की मांग के बाद ब्लैकमेलर के गुर्गों में अफरातफरी मच गई थी जो कि अब अपनी जान बचाने और खुद को पाक साफ बताने के लिए इधर उधर भाग रहे है।

**ब्लैकमेल का पूरा तरीका पहले शिकायत, फिर छापा, उसके बाद रंगदारी**

आरोप है कि यह ब्लैकमेलर नगर में चल रहे निर्माण कार्यो की जानकारी जुटाकर संबंधित विभागों में शिकायत करता है। शिकायत मिलते ही टीमें मौके पर पहुंचती हैं, जिससे व्यापारी को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इसी दबाव के बाद आरोपी व्हाट्सएप कॉल कर लाखों रुपये की रंगदारी मांगता है। पीड़ित बोले-गिरफ्तारी न हुई तो करेंगे लखनऊ कूच

कई पीड़ितों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री के दरबार में इंसाफ की गुहार लगाएंगे।

## एमआई क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड में चैलेंजर ट्रॉफी का रोमांच....

# राइजिंग स्टार पर भारी पड़ी एमआई क्रिकेट एकेडमी टीम

**बुढ़ाना।** कस्बे के विज्ञाना रोड पर स्थित एमआई क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर चल रही एक माह की चौलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज बुधवार को राइजिंग स्टार बुढ़ाना बनाम एमआई क्रिकेट एकेडमी के बीच खेले गए मुकाबले में दर्शकों को कड़े मुकाबले का रोमांच देखने को मिला।

मैच देखने के लिए मैदान पर सुबह से ही दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। ग्राउंड चारों तरफ से खचाखच भरा हुआ नजर आया तो वहीं टॉस जीतकर राइजिंग स्टार बुढ़ाना ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। निर्धारित 20 ओवरों में टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 152 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जिसमे बल्लेबाज सादिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 गेंदों पर 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों ने भी टीम के स्कोर को आगे बढ़ाने में योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई क्रिकेट एकेडमी टीम की शुरुआत आक्रामक रही। कप्तान मोहम्मद हारिश ने मात्र 13 गेंदों पर 30 रन बनाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद टीम के ओनर व कोच राहिल जावेद ने जिम्मेदार बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों पर 43 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली और साथ ही गेंदबाजी में भी उत्खष्ट प्रदर्शन करते हुए दो विकेट झटके। एमआई क्रिकेट एकेडमी टीम ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। वहीं मैच समाप्ति के बाद मैन ऑफ द मैच की घोषणा के दौरान खेल भावना की अनूठी मिसाल देखने को मिली। शानदार प्रदर्शन के बावजूद राहिल जावेद ने अपना मैन ऑफ द मैच खिताब मोहम्मद हारिश के नाम कर दिया जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनकी सराहना की गई और साथ ही खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए बुढ़ाना फूड मूड के ओनर बटर कुरैशी ने भी मैदान में



पहुंचकर मोहम्मद हारिश को बेहतरीन बल्लेबाजी पर 500 रूपये तथा आरिश को उत्खष्ट गेंदबाजी पर 500 रूपये नकद पुरस्कार प्रदान किए और इसी के साथ मैक्स टीम के शानदार बल्लेबाज जावेद भी मौजूद रहे। टूर्नामेंट में गुरुवार को मैक्स क्लब बुढ़ाना और टारगेट क्लब के बीच एक बड़ा मुकाबला खेला जाएगा। जिसका खेल प्रेमियों को बेसब्री से इंतजार है। मैदान पर उमड़ी भारी भीड़ और खिलाड़ियों का जोश इस बात का संकेत है कि चौलेंजर ट्रॉफी का यह टूर्नामेंट पूरे क्षेत्र में क्रिकेट के जुनून को नई ऊंचाइयां दे रहा है।

# जैन समाज में भी उबाल: किक्की जैन गैंग के खिलाफ उठी आवाज

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बे में व्यापारियों, आम लोगों और समाज के विभिन्न वर्गों को लंबे समय से ब्लैकमेलिंग और रंगदारी के जाल में फंसाने वाले ब्लैकमेलर विनय जैन उर्फ किक्की जैन और उसके गैंग के खिलाफ अब उसके अपने समाज ने भी मोर्चा खोल दिया है। जैन समाज के लोगों में किक्की जैन की काली करतूतों को लेकर भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है।

समाज के लोगों का कहना है कि एक व्यक्ति द्वारा लगातार जैन समाज सहित अन्य समाजों के सम्मानित लोगों को ब्लैकमेल कर अवैध वसूली की जा रही है, जिससे पूरे समाज का नाम बदनाम हो रहा है। अब तक दूसरे समाज के लोग इस गैंग के खिलाफ आवाज उठा रहे थे, लेकिन अब जैन समाज के सदस्यों ने भी खुलकर इसका विरोध करने का निर्णय लिया है। जैन समाज ने साफ कहा है कि किक्की जैन और उसके साथी गुर्गों द्वारा भय, दबाव और डरा-धमकाकर रंगदारी उगाही की घटनाएं किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। समाज का आरोप है कि इस अवैध गतिविधि में किक्की का परिवार भी उसका साथ दे रहा है, जिसका जैन समाज कड़े शब्दों में विरोध करता है। इसी मुद्दे पर जैन समाज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करेगा, जिसमें समाज के सभी लोग एकत्र होकर किक्की गैंग के आतंक, अवैध गतिविधियों और समाज पर मंडरा रहे भय के खिलाफ एकजुट आवाज बुलंद करेंगे। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि जैन समाज अब इस जहरीली बीमारी जैसे गैंग से स्वयं को और पूरे खतौली को मुक्त कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सभी समाजजन मिलकर एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। जैन समाज ने स्पष्ट किया कि समाज को बदनामी से बचाने के लिए अब होगी निर्णायक लड़ाई होगी

# नगरपालिका की नाक के नीचे जीटी रोड पर अवैध पोल कर दिया खड़ा, प्रशासन बेख़बर

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** नगर में अवैध निर्माण और विज्ञापन माफिया पर लगाम कसने के दावों के बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर की लाइफलाइन माने जाने वाले व्यस्ततम जी.टी. रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के ठीक सामने नगरपालिका डिवाइडर पर एक अवैध विज्ञापन पोल खड़ा कर दिया गया और हैरानी की बात यह कि नगरपालिका अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

सूत्रों के अनुसार मेरठ निवासी द्वारा यह पोल लगवाया गया है। सूत्रों की माने कि उक्त व्यक्ति इसी तर्ज पर और भी पोल लगाने की तैयारी में है। जबकि नगर पालिका क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विज्ञापन पोल लगाने का अधिकार टैक्स विभाग और निरीक्षण स्टाफ के पास होता है, लेकिन इस मामले में दोनों ही विभागों को कोई जानकारी नहीं थी। नगर पालिका के ईओ राजीव कुमार और नगरपालिका अध्यक्ष हाजी शाहनवाज लालू को भी इस अवैध पोल की कोई खबर नहीं है। इससे नगरपालिका की कार्यशैली, निगरानी तंत्र और फील्ड स्टाफ की सक्रियता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि मुख्य मार्ग पर लगे इस अवैध पोल की जानकारी अधिकारियों को नहीं है, तो शहर के अंदरूनी इलाकों में हो रही अनियमितताओं का अंदाज़ा सहज लगाया जा सकता है। लोगों का आरोप है कि अवैध कार्यो पर नगर पालिका की चुप्पी मिलीभगत का संकेत देती है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अवैध तरीके से पोल लगाने वाले और इसमें सहयोग कर रहे संबंधित लोगों पर तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

## महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति चलाएंगे जागरूकता अभियान : कविता

**मुज़फ्फरनगर।** आरा समाजिक संस्था ने ब्लाक स्तरीय महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के 16 दिवसीय अभियान की शुरुआत की है। अभियान 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2025 तक चलेगा और इसका मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा रखी गयी थीम के तहत महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षा और सायबर अपराध के प्रति जागरूक बनाना है। कविता ने बताया की यह अभियान मुजफ्फरनगर जिले के चरथावल ब्लॉक के विभिन्न गाँवों एवं क़स्बे में संचालित किया जाएगा।

गीता ने बताया कि आज भी ग्रामीण इलाकों में महिलाए और किशोरिया सायबर क्राइम, घरेलू हिंसा, ऑनलाइन शोषण, और लैंगिक भेदभाव का सामना करती हैं।इनके बारे में जानकारी और सुरक्षा के उपाय नहीं होने से वह कई बार शोषण और अपराध का शिकार हो जाती हैं। यह अभियान उन्हें जागरूक बनाने और उनकी आवाज़ को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने कहा की महिला अधिकार और सशक्तिकरण के माध्यम से लड़कियों के भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं।यह अभियान सिर्फ कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि समुदाय में बदलाव लाने की दिशा में एक ठोस कदम हैं।इस दौरान कविता,गीता,देवेदरी,अंनु, मेघा,करीना,राखी,बबली आदि मौजूद रहे।

# गंभीर रूप से झुलसे अनस ने आठवें दिन तोड़ा दम

**बुढ़ाना।** बीती 19 नवम्बर की सुबह बुढ़ाना पुलिस की ज्यादतियों के चलते अपने शरीर पर पैट्रोल डालकर आग लगाने वाले दुकानदार अनस मलिक ने आज घटना के आठवें दिन दिल्ली के एक हस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया।

अनस मलिक की मौत की खबर पर जहां परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया वहीं गांव में भी शोक व्याप्त हो गया। संभवत बृहस्पतिवार के दिन मृतक अनस का शवध उसके गांव में लाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के हुसैनपुर कलां गांव के निवासी लगभग 23 वर्षीय युवक अनस मलिक पुत्र मुर. सलीन अहमद ने बीती 19 नवम्बर की सुबह अपने घर के पास अपने शरीर के उपर पैट्रोल छिड़ककर आग लगा ली थी।

तब उसको गंभीर हालत में दिल्ली के एक हस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में अगले दिन ही हस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे अनस का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। जिसमें उसने बुढ़ाना कोतवाली में तैनात 3 पुलिसकर्मियों पर अपने उत्पीड़न का खुला आरोप लगाया था तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। तब एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने इस मामले की जांच एसपी देहात आदित्य बंसल को सौंपी थी तो उन्होंने एसएसपी को जांच रिपोर्ट पेश की थी।

तब एसएसपी ने तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पैंड कर दिया था। इसी बीच अनस के पिता का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें उन्होंने बुढ़ाना पुलिस को क्लीन चिट दे दी थी जबकि अनस के दादा ने एसएसपी के समक्ष बुढ़ाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे। अब खबर है कि अनस ने आज आठवें दिन दिल्ली के एक हस्पताल में उपचार के चलते दम तोड दिया। जिसको लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। संभवत मृतक अनस मलिक का शव27 नवम्बर को उसके गांव हुसैनपुर कलां पहुंचेगा। अनस की मौत की खबर पर गांव में भी शोक व्याप्त हो गया है। देर रात समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण अनस के शव के आने का इंतजार कर रहे थे।

## डीजे को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**बुढ़ाना।** गांव सुल्तानपुर में अजान के वक्त डीजे बजाने से मना करने पर दबंगों ने दुल्हन को लेकर आए घरातियों पर हमला बोल दिया। जिसमें दोनों और से जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दबंगों ने तलवारें भी निकाल ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लेते हुए घायलों की डाक्टरी कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में बुधवार की देर शाम अंसारी समाज की एक बारात दुल्हन को लेकर गांव वापस लौटी तो गांव के ही दूसरी जाति के लोगों ने अजान के समय तेज आवाज में डीजे बजाना शुरु कर दिया। तब घरातियों ने उनको डीजे अजान के बाद बजाने को कहा तो इसी बात से क्षुब्ध होकर दर्जनों युवकों ने घरातियों को मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष ने भी अपने बचाव में आरोपियों को खदेड़ने का पूरा प्रयास किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को तितर बितर किया और घायलों को हस्पताल में भर्ती कराकर दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया। इस घटना के दौरान गांव में पूरी अफरा-तफरी मच गयी और जिसको जहां जगह मिली वह वहीं छुपता मिला।

# बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधालय निरीक्षक ने विधालय प्रधानाचार्य को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि शिक्षित बेरोजगार युवको को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये स्किल इंडिया नई दिल्ली एवं जी.डी.एक्सद्र सिक्योरिटी इण्डिया लि. नोयडा के सहयोग से सुरक्षा के क्षेत्र में भर्ती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें चयनित अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर 58 वर्ष तक स्थायी नियुक्ति के साथ उत्तर-प्रदेश एवं उत्तराखंड के बड़े अधौगिक क्षेत्र में पद स्थापित किया जायेगा। जैसे टाटा मोटर्स, हीरोकॉप, होंडा, मारुति सुजुकी, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, अदानी सोलर प्लांट, अदानी पावर प्लांट लूणी गाजियाबाद में जीद्गडीद्गएक्सद्ग के डिप्टी कमाण्डेट श्री आर. के. सिंह ने बताया कि चार दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैं

दिनांक- 27.11.2025 महर्षि सुखदेव इंटर कॉलेज, मोरना

दिनांक- 28.11.2025 डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, जानसठ

दिनांक 29.11.2025 के. के. इंटर कॉलेज, खतौली

दिनांक- 01.12.2025 पी.एम. राजकीय इंटर कॉलेज, मुवनगर सदर में प्रात: 10:30 बजे से शाम 03:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा। इस भर्ती के इच्छुक अभ्यार्थी जो न्यूनतम हाई स्कूल पास, उम्र 18 से 45 वर्ष के हो वहीं अभ्यार्थी इस भर्ती में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए अभ्यार्थी हाई स्कूल एवं आधारकार्ड की छाया प्रति एवं एक फोटो के साथ निर्धारित तिथि में इंटर कॉलेज पर उपस्थित हो। इंटरव्यू में पास होने पर चयनित अभ्यार्थियों को स्थायी नियुक्ति के साथ राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत वेतनमान दिया जाएगा जो पन्द्रह हजार से अठारह रू के मध्य रहेगा साथ पी.एफ. ग्रेच्युटी, राज्य चिकित्सा बीमा द्वारा मेडिकल की सुविधा वार्षिक वेतनवृद्धि. प्रमोशन, बोनस जैसी अनेक सुविधाये दी जायेगी। भर्ती अधिकारी के लिए मोबाइल नम्बर-9667989993, सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## नगर पंचायत की जेसीबी ने हटाया जलभराव

**मीरापुर।** नगर पंचायत क्षेत्र की मुंतजिर कॉलोनी में पिछले कई वर्षो से चल रही जलभराव और गंदगी की समस्या ने स्थानीय निवासियों का रोजमर्रा का जीवन प्रभावित कर रखा था। मुख्य मार्ग पर लगातार पानी जमा रहने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मार्ग पर जलभराव व कूड़े कचरे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। परेशान होकर कॉलोनीवासियों ने एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद नगर पंचायत ने इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय मुजफ्फरनगर**

वाद सं0-864 सन् 2024

सतीश कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद निवासी-ग्राम सिकन्दरपुरकलां परगना व तहसील-खतौली जिला-मुजफ्फरनगर। .........वादी

**बनाम**

1. पप्पू राठी उर्फ जयवीर पुत्र श्री कंवर सिंह, प्रोपराईटर कृष्णा बिल्डिंग मैटिरियल, परिक्रमा मार्ग टेलिफोन एक्सचेन्ज के सामने निकट श्रीराम कालिज, अलमासपुर तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर। 2. खुशीराम पुत्र श्री अशोक निवासी- ग्राम अलमासपुर, श्रीराम कालिज के पास, टेलिफोन एक्सचेन्ज के सामने तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर।

.........**प्रतिवादीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा के सम्बन्ध में वाद न्यायालय में योजित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तरपत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात, उपस्थित होने के लिए दिनांक 01 माह दिसम्बर सन् 2025 को दिन में 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती (उपस्थिति) के लिए जो उक्त तिथि नियत की गई है। वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है इसलिए आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियों को या उन से सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रों साक्ष्यों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रति रक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं होंगे तो उस दशा में उक्त याद का निस्तारण आप की अनुपस्थिति में गुण दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 15 माह 10 सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत् न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से**

**मुन्सरिम / न्यायाधीश**

# भरत जी का चरित्र गंगाजल की तरह पवित्र : विजय कौशल

**मुजफ्फरनगर।** नगर के नए मंडी रामलीला भवन में चल रही श्रीराम कथा के 5वें दिन कथा व्यास। विजय कोशल जी महाराज ने

श्रीराम के वनगमन के बाद अयोध्या में छाए शोक, वन गमन में राम के साथ गए सुमंत्र जी की अयोध्या वापसी, दशरथ जी का राम वियोग में महाप्रयाण, ननिहाल से भरत और शत्रुघ्न जी की अयोध्या में वापसी और चित्रकूट में श्रीराम और भरत के मिलन के लिए पूरी अयोध्या के प्रस्थान का प्रसंग भावपूर्ण ढंग से सुनाया। दशरत मरण के मार्मिक प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गई।

कंसल परिवार द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के श्रद्धालुओं से खचाखच भरे हुए पंडाल में संत प्रवर विजय कौशलजी महाराज ने कहा कि श्रीराम के गमन जाने के बाद अयोध्या तो पहले ही उजाड़ हो गई जहां राम का वास वही अवधपुरी है इसलिए जिस अयोध्या में सदा उल्लास और मंगल कार्य होते रहते थे। वह पूरी तरह उदास और उजाड़ हो गई। गंगा तट पर सुमंत्र जी को निषाद राज गुह ने समझा बुझाकर वापस अयोध्या भेजा। कथा व्यास ने जब सुमंत्र जी के वापस आने पर राम के वियोग में दशरथ जी के शोक और विलाप का वर्णन किया तो उस समय अनेक श्रद्धालु अपनी आँखों में आए आँसू पोंछते हुए दिखाई दिए। केकैय देश में अब भी ननिहाल गए भरत जी को अपशकुन होने के चलते हुई आशंकाओं का वर्णन करते हुए कथा व्यास। विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि इधर भरत जी मन में आशंकाओं के लिए भगवान शिव की प्रार्थना कर रहे हैं। उधर अयोध्या का दूत उन्हें बुलाने के लिए पहुँच जाता है। भरत जी की अयोध्या वापसी और भगवान राम के वनगमन एवं राजा दशरथ के परलोक गमन की सूचना मिलने के बाद भरत जी की मनरूस्थिति का वर्णन करते हुए संत प्रवर ने कहा कि भारत का भाई के रूप में जो चरित्र है वह गंगाजल की तरह पवित्र है। संपूर्ण प्रजा चाहती थी कि राजा दशरथ की इच्छानुसार भरत जी को अयोध्या का



राजा बनाया जाए। महर्षि वशिष्ठ ने भी भरत जी पर अयोध्या का राज संभालने का दबाव डाला। माता कौशल्या ने भी मनाया लेकिन भरतजी तैयार नहीं हुए और श्रीराम को चित्रकूट से लाने के लिए प्रस्थान करने की घोषणा की जिस पर संपूर्ण अयोध्या नगरी के लोग उनके साथ चलने के लिए तैयार हुए अयोध्या से चित्रकूट की यात्रा का कथा व्यास ने बहुत ही भावपूर्ण वर्णन किया। इस दौरान भरत जी के मन में श्रीराम के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करते हुए संगीतमय भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भी राम भक्ति में सराबोर होकर जमकर नाचे। कथा में मुख्य रूप से राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख आनंद जी, सह प्रांत कार्यवाह सेवादास जी, विभाग प्रचारक भूपेंद्र कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप कुमार गर्ग, आयुष बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डक्क सुभाष शर्मा, 29 वर्षो से धरनारत मा. विजय सिंह, राजेंद्र गर्ग, नरेश गर्ग, सुरेश कुमार, रामावतार, विजय मोहन, अशोक कुमार, अतुल कुमार, नानूराम जिंदल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, राकेश बिंदल, दिनेश मोहन, व्यापारी नेता संजय मित्तल, राकेश अग्रवाल, शिवचरण गर्ग, दिनेश गुल्लू जी, कमल कुमार, सुशील भाटिया, मुकेश चावला मोरना ब्लाक प्रमुख अनिल राठी, गिरिराज महेश्वरी, अरुण खंडेलवाल, डक्क एमएल गर्ग, अजय जैन सीए, मनोज पुंडीर संजय शर्मा ओमदेव सिंह, अनिल गर्ग आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आईआईए की बैठक में उठी उद्यमियों की समस्या

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) चैप्टर द्वारा जीएसटी विषय पर एक महत्वपूर्ण ब्रेकफास्ट मीटिंग का आयोजन होटल स्वर्ण इन्न एंड सूइट्स, सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य जीएसटी विभाग, मुजफ्फरनगर के संयुक्त आयुक्त सिद्धेश दीक्षित, संयुक्त आयुक्त राजनाथ तिवारी, विशिष्ट अतिथि उपायुक्त गौरी शंकर, तथा केन्द्रीय जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त सी. सुरेन्द्रन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईए चैप्टर चेयरमैन अमित जैन, नेशनल सेक्रेट्री कुश पुरी, तथा डिवीजनल सेक्रेटरी पवन कुमार गोयल द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुआ।चैप्टर चेयरमैन अमित जैन ने कहा कि हाल ही में जीएसटी कानून और अनुपालन प्रणाली में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन लागू हुए हैं, जिनका सीधा प्रभाव उद्यमियों पर पड़ रहा है। उन्होंने इनपुट टैक्स क्रेडिट, ई-वे बिल, स्क्रुटनी, नोटिस प्रबंधन, हालिया अधिसूचनाओं तथा दैनिक अनुपालन से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर विभाग से स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं सहयोग आवश्यक है।नेशनल सेक्रेट्री कुश पुरी ने कहा कि उद्योग तभी आगे बढ़ सकता है, जब नीति और व्यवहार के बीच बेहतर तालमेल हो। आईआईए सदैव उद्यमियों की समस्याओं को उचित मंचों पर प्रभावी ढंग से रखने और समाधान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।आईआईए के पीआरओ, अधिवक्ता तुषार गुप्ता ने





बताया कि जीएसटी 2.0 सुधारों से कर प्रणाली और अधिक सरल एवं पारदर्शी हुई है।

उन्होंने इनवर्टेड डयूटी स्ट्रक्चर के संदर्भ में बताया कि जहाँ इनपुट पर अधिक और आउटपुट पर कम टैक्स लगता है, उस स्थिति में सरकार द्वारा अतिरिक्त टैक्स का रिफंड उपलब्ध कराया जाता है। यह व्यवस्था विशेष रूप से डैडम सेक्टर के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी है और मेंम वि क्वपदह ठनेपदमे को सुदृढ़ बनाती है। मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त सिद्धेश दीक्षित ने उद्यमियों के सुझाव व समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता उद्योगों को सहयोगपूर्ण वातावरण प्रदान करना है, जिससे अनुपालन सरल व सुगम हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि वास्तविक समस्याओं पर विभाग गंभीरता से विचार करेगा तथा उचित समाधान समय पर उपलब्ध कराएगा। साथ ही उन्होंने उद्यमियों से रिटर्न समय पर दाखिल करने और दस्तावेज व्यवस्थित रखने की अपील की।आईआईए कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य नीरज केडिया तथा पूर्व चेयरमैन विपुल भटनागर ने सुझाव दिया कि विभाग और उद्योग के बीच नियमित संवाद से कई मुद्दों का त्वरित समाधान संभव है।कार्यक्रम का संचालन आईआईए सचिव राहुल मित्तल ने किया। उन्होंने कहा कि आईआईए हमेशा उद्योग और विभाग के बीच सेतु की महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है और भविष्य में इस संवाद को और अधिक मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आईआईए कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं उद्यमियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से डिवीजीनल सेक्रेटरी पवन कुमार गोयल,अशोक अग्रवाल, अश्वनी खंडेलवाल, नीरज केडिया, विपुल भटनागर, मनोज अरोरा, सुधीर गोयल, शरद जैन, अमित गर्ग, दीपक सिंघल, सुशील अग्रवाल, सहित अनेक उद्यमी मौजूद रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आदिल जो अब मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है तथा आये दिन किसी न किसी बात को लेकर मुझे व मेरे परिवार को तंग व परेशान करता रहता है तथा वह गलत संगत में रहने लगा है और मेरी व मेरी पत्नि की देखभाल नहीं नहीं करता मैने आदिल को काफी समझाया कि वह गलत संगत को छोड दे लेकिन वह कोई बात मानने व सुनने को तैयार नहीं है। मैने व मेरे परिवार ने आदिल से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। अब मेरा व मेरे परिवार का आदिल से कोई मतलब वास्ता नही रहा है। मैने आदिल को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि आदिल किसी भी गलत कृत्य में शामिल होता है या किसी से लेनदेन करता है तो इससे मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं होगा।

**इकबाल अहमद पुत्र तुफैल अहमद निवासी ग्राम खेडी वीरान बहादरपुर थाना सिखेडा तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र इंसाफ मेरे व मेरे अन्य परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन को मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**निशार पुत्र इशाक निवासी- ग्राम शिकारपुर, थाना भौराकलां, तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन**

मैं मुशर्रफ अली पुत्र अकबर निवासी ग्राम रसूलपुर दभेडी परगना व तहसील बुढाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरे समस्त दस्तावेजों, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट, आधार कार्ड व पैन कार्ड आदि में मेरे पिताजी का नाम अकबर अली AKBAR ALI व नरीसा बेगम NAREESA BEGUM दर्ज किया गया है जो गलत है जबकि मेरे पिताजी का नाम अकबर AKBAR है व मेरी माताजी का नाम नफीसा NAFISA जो सत्य व सही है। मुझे अपने समस्त प्रमाण पत्रों में अपने पिताजी का सही नाम अकबर व माताजी का नाम नफीसा दर्ज कराना है। मेरे पिताजी का सही नाम अकबर व माता का नाम नफीसा है जो सत्य व सही है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मै श्रीमती जैतून पत्नी फिरोजूदीन निवासी ग्राम भसाना थाना व तहसील बुढ़ाना जिला मु.नगर की हूं। मेरे 3 पुत्र व 1 पुत्री है। सब शादीशुदा हैं। मेरा पुत्र उसमान पुत्र फिरोजूदीन मेरे कहने सुनने मे नही है। आए दिन घर में कलह करता है। समझाने पर मेरे संग मारपीट करता है। वह अपराधिक प्रवत्ति का है। कभी भी किसी के साथ कोई भी घटना कर सकता है। मैं अपने पुत्र उसमान व उसके परिवार को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति व अपने रिश्ते नातों से सम्पूर्ण रुप से स्वच्छ चित्त व मन से अपने होश हवास में बेदखल करती हूं। भविष्य मैं मेरा परिवार उसमान व उसके परिवार से किसी भी प्रकार का कोई भी वास्ता मतलब नही रखेगा।

## कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो घायल

बुढ़ाना। 27 वर्षीय चिराग वर्मा पुत्र शैलेंद्र और 28 वर्षीय उसका दोस्त शिवम चौधरी पुत्र अरुण कुमार निवासीगण कस्बा मवाना जनपद मेरठ बीती मंगलवार की सायं अपने मवाना कस्बे से कार में बैठकर शामली जिले में एक शादी समारोह में गये हुए थे। जब वह बुधवार की प्रथम रात्रि12 बजे शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे तो मेरठ वाया करनाल हाइवे पर सठेडी गांव के निकट उनकी तेज रफ्तार कार अचानक से अनियंत्रित होकर एक किसान के खेत में पलट गयी।

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री सुनील कुमार जैन, पुत्र श्री प्रेमचन्द जैन, निवासी मौहल्ला- पार्श्वनाथनगर, जैन मण्डी, तहसील-खतौली, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं-MZDA/BP/21-22/0663 के द्वारा अपनी भूमि भूमि खसरा नं0-516, औद्योगिक भूमि, खतौली ग्रामीण (बाहर हदूद) तहसील-खतौली, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के कुल क्षेत्रफल 292.635 वर्ग मी. पर मोटर वाहन स्पेयर पार्ट्स के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग खतौली महायोजना-2021 के अनुसार 45 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग का विस्तार /मार्गाधिकार छोड़ने के उपरान्त अग्रभाग बाजार स्ट्रीर एवं औद्योगिक क्षेत्र भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियॉं तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.2 के अनुसार बाजार स्ट्रीट एवं औद्योगिक क्षेत्र भू-उपयोग के अन्तर्गत मोटर व्हीकल स्पेयर पार्ट्स की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोर्निग रेगुलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों / सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते है। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

# आम के बाग में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शुरू की जांच, शिनाख्त के प्रयास जारी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शहर के मोहल्ला सद्दीक नगर में बुधवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मजदूरी के लिए खेतों की ओर जा रहे स्थानीय लोगों ने आम के बाग में एक युवक का शव पेड़ से लटका देखा। यह ख्रश्य देख लोगों में दहशत फैल गई। सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक रस्सी के फंदे से पेड़ पर लटका हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह-सुबह इस सुनसान स्थान पर किसी के आने-जाने की संभावना कम रहती है, इसलिए शव को देखकर सभी चौंक गए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को नीचे उतरवाकर क्षेत्र को घेरा. बंदी कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष प्रतीत होती है। उसके दाहिने हाथ पर अंग्रेजी में 'देव' नाम टैटू के रूप में अंकित है, जो उसकी पहचान का अहम सुराग माना जा रहा है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में उसके बारे में जानकारी जुटाने के साथ-साथ गुमशुदगी की रिपोर्ट से भी मिलान करा रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है।प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि पुलिस किसी भी संभावना को नज़रअंदाज़ नहीं कर रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल की स्थिति, फंदे की स्थिति और आसपास के निशानों के आधार पर विस्तृत विवेचना जारी है। हहम सभी एंगल से जांच कर रहे हैं। किसी तरह की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता, पुलिस अधिकारी ने कहा। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी। वहीं, युवक की शिनाख्त होने के बाद उसके परिजनों से पूछताछ कर घटना के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा। अचानक इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं, जबकि पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता से जांच में जुटी हुई है।

### देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र की सीकरी चौकी पुलिस ने शांति व्यवस्था गस्त के दौरान अवैध देसी शराब ले जा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर से निरगाजनी झाल की ओर से आ रहा एक युवक हाथ में थैला लिए संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन युवक मौके से भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके थैले से 24 पाउच देसी शराब (फूटी महबूब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल, निवासी रहमतपुर बताया।

सीकरी चौकी पुलिस ने अवैध शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रूपये मांगे तो 5 युवकों ने की बेरहमी से पिटाई

**बुढ़ाना।** मजदूरी के एक हजार रूपये मांगने पर दूसरे सांप्रदाय के 5 युवकों ने एक युवक की डंडे, पाइप व पंच से उसके घर के बाहर पिटाई कर दी। युवक को बचाने आए 2 युवकों को भी पीटा गया। इस मामले में पुलिस का रवैया देखिये पुलिस ने 2 घायल युवकों को किसी छुटभय्ये नेता के कहने पर पूरी रात थाने रखा। एसपी देहात की फटकार पडी तो पुलिस ने आज सुबह दोनों युवक छोड़ दिये। उधर आरोपी अब पीडित को पुलिस में जाने पर खुली धमकी दे रहे हैं। देर रात साढे 10 बजे के आसापास की कस्बे की कांशीराम कालोनी की है। जहां के जुनैद शेख ने फोन पर पडोस में रहने वाले दूसरे सांप्रदाय के युवक से अपनी मजदूरी के एक हजार रुपये मांगे तो युवक अपने अन्य साथियों को लेकर उसके घर पहुंचा। जिनमें आरोपी दीपांशु, शुभ, सचिन, आशु व नवाज राइन थे। सबने एक राय होकर जुनैद को बाहर बुलाकर डंडे, पाइप, पंच से बुरी तरह पीटा तो शोर सुनकर मौके पर जुनैद को छुड़ाने आए उसके परिवार के जाहिद व आरिफ संग भी मारपीट की गयी। यहां तक समीर व अनवर को भी गुम चोटें आई। उधर घटना की सूचना डायल नंबर 112 को पीड़ित पक्ष ने दी तो आरोप है कि पुलिस ने दोनों युवकों का मेडिकल तो कराया मगर उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लेकर थाने बिठा दिया जबकि आरोपियों के यहां कोई दबिश नहीं दी गयी। बुधवार की सुबह पीडित परिवार की एक महिला ने एसपी देहात आदित्य बंसल को फोन पर पुलिस की कारगुजारी बताई तो उन्होंने पुलिस को हड़काकर दोनों घायल युवकों को छोड़ने व आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। लेकिन पुलिस ने अब तक न तो रिपोर्ट दर्ज की और ना ही आरोपियों के यहां दबिश दी। जिसका परिणाम ये रहा कि आरोपी पीडित को धमकियां दे रहे हैं। मामला अलग अलग सांप्रदाय से जुड़ा होने के कारण ढिलाई बरत रही है।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत श्री कुन्द-कुन्द जैन महाविद्यालय, खतौली में हिन्दी विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में महिलाओं की भूमिका विषय पर निबंध लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर स्वतंत्रता संग्राम की महान नायिकाओं के योगदान को अपने लेखन में जीवंत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ के प्रेरक संबोधन से हुआ। उन्होंने वैदिक काल से लेकर आधुनिक भारत तक महिलाओं द्वारा देश, समाज एवं संस्कृति के निर्माण में निभाई गई प्रमुख भूमिकाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज भी भारत के सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के लिए गौरव का विषय हैं।निबंध लेखन के दौरान छात्राओं ने स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न महान विभूतियों पर अपने विचार प्रकट किए।

बी.ए. की एक छात्रा ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताते हुए 1857 की क्रांति में उनके अद्वितीय योगदान को रेखांकित किया। एक अन्य छात्रा ने विजयलक्ष्मी पंडित को महिलाओं की प्रेरक शक्ति बताते हुए लिखा कि नमक सत्याग्रह के दौरान उन्होंने नेतृत्व किया और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार में सक्रिय भूमिका निभाई।



छात्रा सलोनी ने एनी बेसेंट के योगदान को स्मरण करते हुए बताया कि वह 1917 में कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनीं। छात्रा मंजिल ने सरोजिनी नायडू को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि उन्होंने नमक सत्याग्रह, महिला संगठन निर्माण और महिला मताधिकार के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। एक विद्यार्थी ने इंदिरा गांधी, सुचेता कृपलानी, कमलादास गुप्ता, मृदुला साराभाई और सुषमा स्वराज जैसी अनेक प्रेरक नायिकाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. सपना जैन ने किया, जिन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रो. नीरजा गुप्ता, डॉ. मनीष कुमार जैन सहित महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं डॉ. दीप्ति जैन, सीमा तोमर, अरीबा एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ऑपरेशन सवेरा में खतौली पुलिस ने पकड़ा कुख्यात गांजा तस्कर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नशे के अंधकार से समाज को बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत खतौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी के निर्देश पर सीओ राम आशीष यादव और कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चार किलो 472 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। नगर चौकी प्रभारी तेजवीर सिंह, हैड कांस्टेबल जितेंद्र, सतेंद्र तथा कांस्टेबल योगेश व हेमंत की टीम नगर क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोकने की को. शिश की, लेकिन युवक भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास भारी मात्रा में नशीला पदार्थ मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुन्नु पुत्र राजकुमार निवासी होली चौक, पक्का बाग बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी क्षेत्र में मादक पदार्थों की सप्लाई करता है और उसके खिलाफ नशीले पदार्थों की बिक्री के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पकड़ा गया तस्कर गांजे की खेप लेकर खतौली क्षेत्र में सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ के बाद आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### संविधान दिवस पर डीएम ने दिलाई शपथ

**मुज़फ्फरनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम के तहत जिला पंचायत सभागार में सामूहिक प्रस्तावना का वाचन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया और संवैधानिक मूल्यों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संविधान हमारा मार्गदर्शक है और यह नागरिकों को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक , तथा समस्तअधिकारियों कर्मचारीयों द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमनकार्यक्रम में सभी अनुभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस पर एसएसआई ने पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

**जानसठ।** कोतवाली जानसठ में राष्ट्रीय संविधान दिवस के मौके पर पुलिस कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई गई और संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। बुधवार को थाना जानसठ परिसर में पुलिस कर्मियों को एस एस आई रामवीर सिंह ने संविधान की शपथ दिलाई इस दौरान उन्होंने कहा हमारा संविधान देश के हर एक नागरिक को स्वतंत्रता, समानता और न्याय की गारंटी देता है और गरिमापूर्ण जीवन का वादा करता है इसलिए हम सबको मिलकर संविधान के तहत कार्य करने और जनता को न्याय दिलाने के लिए तदपर रहना चाहिए। क्योंकि हमारा संविधान सभी गरीब, वंचित, दलित, पिछड़े, आदिवासी समेत हर एक भारतवासी के लिए उसका सुरक्षा कवच है जो उसके हर अधिकार की रक्षा करता है। और हम सब को चाहिए कि हम सब संविधान के दायरे में रहकर लोगों को उनका हक और न्याय दिला सकें। उन्होंने सभी पुलिस गर्मियों से कहा कि आओ हम सब मिलकर संविधान दिवस पर, उस शक्ति को याद करें...जो हमें बराबरी के साथ आगे बढ़ना सिखाती है। और उन्होंने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में भी विस्तार पूर्वक बात की, और अंत में कहा कि आइए...हम सब मिलकर संविधान का पालन करने और न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना को बनाए रखने का संकल्प लें। सभी ने संविधान की मान मर्यादा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### पत्नि की बनाई अश्लील वीडियो, वायरल करने की धमकी

**बुढ़ाना।** एक कलयुगी पति ने अपनी पत्नि की अश्लील वीडियो बना ली और अब दहेज की मांग पूरी न करने पर वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहा है। जिसकी शिकायत पुलिस में की गयी है। बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को बताया कि उस लगभग छह वर्ष पूर्व संदीप शेटी पुत्र सुभाष निवासी कच्ची गढी थाना गढीपुख्ता शामली के संग हुई थी। उसकी 02 मासूम पुत्रियां हैं। उसे जेठ विक्रम, महक सिंह, जेठानी अंजू, शीतल कम दहेज लाने के थाने देते रहते हैं। 02 पुत्रियां पैदा हुई तो और ज्यादा करने लगे। उसे भूखा रखा। अतिरिक्त दहेज में 5 लाख रुपये व बुलेट मोटर साईकिल मांगी। उसने मना किया तो बीते वर्ष उसके संग मारपीट की और ससुराल से निकाल दिया। महिला का पति फोटोग्राफर है जिसने उसके फोटो एडिट कर अश्लील वीडियो बना रखी है। कानूनी कार्यवाही पर वीडियो वायरल कर बेइज्जत करने की धमकी देता है। संदीप फोन पर परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। बीती 15 नवम्बर को संदीप उसके पीहर आया तथा उसे अपने संग ले गया और रात में मुंह पर तकिया दबाकर हत्या का प्रयास किया। तब दोनों मासूम पुत्रियों ने शोर मचा दिया। उधर पीड़िता महिला ने बुढ़ाना महिला थाने को आरोपी ससुरालियों के विरुद्ध तहरीर दी है।

### 50 निर्धन छात्र छात्राओं को जूते किए वितरित

**बुढ़ाना।** गांव भसाना में खतौली रोड पर बजाज शुगर मिल के समीप स्थित शिक्षण संस्था श्री राम प्रसाद कात्यायन इण्टर कालेज बुढाना में कक्षा छह, कक्षा सात और कक्षा आठ में पढने वाले समस्त 50 निर्धन छात्र और छात्राओं को जिला मुजफरनगर हस्पताल की जिला काउंसलर चंचल सैनी के द्वारा पैरों को ठंड से बचाने को मजबूत जूते वितरित किये गये। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से श्रीराम प्रसाद कात्यायन इण्टर कालेज बुढाना के प्रधानाचार्य डाक्टर नीलेश वशिष्ठ, भूमि विकास बैंक बुढाना के चौयरमेन विनोद सैनी, पीटीआई यज्ञपाल सिंह समेत अन्य कई शिक्षकों की भी उपस्थिति देखने को मिली। जूते पाकर छात्र छात्राएं बहुत ही खुश नजर आए और श्री राम प्रसाद कात्यायन इण्टर कॉलेज बुढाना के समस्त स्टाफ का धन्यवाद किया।

### एसआईआर को लेकर भाजपा की बैठक

**खतौली।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल के प्रतिष्ठान पर विशेष एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा संयोजक मोहन तायल ने शिरकत की। बैठक के दौरान बूथ स्तर पर चल रहे एसआईआर कार्य की प्रगति और मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि मोहन तायल ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता मतदाता सत्यापन अभियान को पूरी निष्ठा के साथ गति दें। इस अवसर पर प्रवीण ठकराल, मोहन तायल, मनोज चौहान, अरुण खारी, राजू उपाध्याय, सुनील उपाध्याय, अमित त्यागी, सुंदर धारीवाल, मनोज सैनी, भरतेश शर्मा, हंस वर्मा, सुरेंद्र उपाध्याय, मुकेश चंदेल, विकास चौहान, ऋषभ जैन, शिवम खटीक, अनिल चौहान, नीरज गोयल, जोगि. दर सैनी, नितिन सिंघल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर पर अधिक सक्रियता से काम करने का संकल्प लिया।

### बुजुर्ग महिला ने बेटे व बहू पर लगाया मारपीट का आरोप

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुथरा में एक विधवा बुजुर्ग महिला ने अपने पुत्र और पुत्रवधू पर मारपीट का आरोप लगाया है। महिला ने चरथावल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। श्यामो पत्नी तेल्लू नामक इस बुजुर्ग महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पुत्र प्रदीप और पुत्रवधू ने उसके साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि उसे घर से भी निकाल दिया गया है।चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि महिला ने अपने पुत्र और पुत्रवधू पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों को थाने बुलाया है और आगे की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### वेदांता स्कूल में मना संविधान दिवस

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में संविधान दिवस बड़े उत्साह सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। भारत का संविधान हमारे देश का वह सर्वोच्च विधिक दस्तावेज है जो न केवल नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों को निर्धारित करता है ,बल्कि लोकतंत्र न्याय, स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व की मूल भावना को भी सुरक्षित रखता है। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने कहा कि हम सभी को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता लाकर एक जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए। प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने भी संविधान के विषय में बताया। विद्यालय की अध्यापिका रूबी शर्मा ने भी बच्चों को संविधान के विषय में बताते हुए कहा कि संविधान दिवस का उद्देश्य मात्र एक औपचारिकता पूरी करना नहीं है बल्कि विद्यार्थियों में देशभक्ति, नागरिक जागरूकता और सामा. जिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेदांता परिवार का पूर्ण सहयोग रहा।

# मैप्लस एकेडमी के बच्चों ने अनाथालय का किया भ्रमण

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर गांव गढ़ी सखावतपुर के समीप स्थित शिक्षण संस्था मैपल्स एकेडमी के कक्षा 3 से लेकर कक्षा 5 तक के समस्त विद्यार्थियों ने ज्ञान सागर गुरुकुल बरनावा अनाथालय का शैक्षिक और सामाजिक भ्रमण किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में दया, करुणा, सहानुभूति, सहयोग और सामाजिक ज़िम्मेदारी की भावना को विकसित करना था। भ्रमण के दौरान मैपल्स एकेडमी बुढाना के बच्चों ने अनाथालय के बच्चों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उन्हें कपड़े, खाने पीने की सामग्री तथा अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की। दोनों संस्थानों के बच्चों के बीच स्नेह, अपनापन और खुशी का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मनोरंजक खेल और सामूहिक गतिविधियां



आयोजित की गई। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ज्ञान सागर गुरुकुल बरनावा के बच्चों को पुरस्कार स्वरूप पुस्तकें भेंट की गई। जिससे उनका उत्साह और अधिक बढ़ गया। एकेडमी प्रबंधन ने बताया कि ऐसे प्रोग्राम स्टूडेंट्स में मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं और उन्हें समाज सेवा के महत्व को समझने में मदद करते हैं। एकेडमी आगे भी ऐसे प्रोग्रामों के माध्यम से बच्चों में संवेदनशीलता और सामाजिक जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मैप्लस एकेडमी में राष्ट्रीय संविधान दिवस हुआ आयोजित

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढाना में बुधवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस पर विशेष सभा आयोजित की गई। सभा में संविधान के महत्त्व को विस्तृत रुप से समझाया गया। बच्चों शिक्षकों ने साथ मिलकर संविधान की प्रस्तावना का सारगर्भित पाठ किया। बच्चों से संविधान से संबंधित बहुआयामी प्रश्न पूछे गए जिससे उनकी समझ व जागरूकता को बढ़ावा मिला। शिक्षकों द्वारा संविधान की भूमिका व इसके द्वारा प्रदत्त अधिकारों कर्तव्यों पर प्रेरणादायक भाषण दिया गया। जिसमें भारत के लोकतंत्र व संघीयता की महत्ता पर विशेष जोर दिया गया। सभा ने विद्यार्थियों में संविधान के आदर्शों जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता औय बंधुत्व के प्रति सम्मान व प्रतिबद्धता जागृत की। यहां सभी ने संविधान के इन आदर्शों को अपनाने व देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प बड़े हृदय से लिया। यहां पर राष्ट्रीय संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए यह संद. ेश दिया गया कि हमारा संविधान केवल एक दस्तावेज़ नही बल्कि हमारे देश की आत्मा और हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार ये आयोजन बच्चों के लिए संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने का एक सुवर्ण अवसर साबित हुआ। जिससे वे अपने समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें। मेपल्स एकेडमी इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान की महत्ता को जन जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

### ज़हर के सेवन के बाद युवक की हालत चिंताजनक

**भोपा।** थाना क्षेत्र के एक युवक ने गैर जनपद मे ज़हर का सेवन कर लिया जिसके बाद उसे हायर सेंटर रेुर किया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गयी है। क्षेत्र के एक युवक द्वारा गैर जनपद मे जहर का सेवन करने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीर हालत मे मेरठ अस्पताल रेफर किया गया है।घटना के बाद अनेक चर्चाएं व्याप्त हैं। ग्रामीणों के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुडा हुआ है। जहां गैर जनपद निवासी युवती ने भी जहर खाकर खुदकुशी कर ली। ग्रामीणों के अनुसार परिजनों द्वारा शादी से इंकार के दोनों ने यह कदम उठाया है। हालांकि प्रेम प्रसंग के मामले की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

# फरार प्रबंधक की भूमि पर नहीं लगने दिया सबमर्सिबल

**बुढ़ाना।** छात्र उज्जवल राणा आत्मदाह प्रकरण में बीती 08 नवम्बर से अब तक फरार चल रहे डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के प्रबंधक अरविंद गर्ग की विज्ञाना गांव क्षेत्र में स्थित भूमि पर लगाए जा रहे सबमर्सिबल को उसके भाई ने लगने नहीं दिया। डायल नंबर 112 की पुलिस को शिकायत की गयी तो पुलिस ने भी मामले की नाजुकता को भांपते हुए सबमर्सिबल का सारा सामान बैरंग कर दिया। दरअसल अरविंद गर्ग ने कालेज की संस्था के नाम पर बुढ़ाना क्षेत्र के विज्ञाना गांव के समीप 22 बीघा भूमि खरीदी हुई है। जिस पर वे अपने परिवार के सदस्यों से इस भूमि पर खेती कराते हैं। इसमें उसके भाई की तरफ से भूमि पर विवाद है और कमाल की बात देखिये जो सबमर्सिबल टड्ढबवेल लगाने के लिए कराया जा रहा है इससे पहले इस पूरी भूमि की सिंचाई मृतक छात्र उज्जवल राणा के परिवार के लोग अपनी टड्ढबवैल से करवा रहे थे। इस दौरान आरोपी अरविंद गर्ग के परिवार के सदस्यों और उनके सगे भाई के बीच सबमर्सिबल ना लगने को लेकर कथित तौर पर मामूली रुप से पुलिस के सामने कहासुनी होने की भी खबर है। उल्लेखनीय है कि मृतक छात्र उज्जवल राणा आत्मदाह प्रकरण में अरविंद गर्ग नामजद है और मुख्य आरोपी है जो कि अभी तक भी फरार ही चल रहा है। आज बुधवार को 19वें दिन भी बुढ़ाना पुलिस के हाथ खाली ही हैं।

# राकेश टिकैत ने निरगाजनी क्षतिग्रस्त पुल के शीघ्र निर्माण की मांग की

**भोपा।** निरगाजनी नहर झाल के पास चार माह से क्षतिग्रस्त हुए पनचक्की पुल के शीघ्र निर्माण व तब तक अस्थाई व्यवस्था कर हल्के वाहनों का आवागमन शुरू करने की मांग भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने प्रशासन से की है।

भोपा क्षेत्र के निरगाजनी गंग नहर झाल के पास ब्रिटिश कालीन पंचक्की पुल का अंदरूनी भाग का मलबा मध्य से टूटकर बीते नीचे गिर गया था। नहर बंदी के दौरान 1 सितंबर को इस पुल के दोनों ओर दीवार कर चोपहिया वाहनों का आवागमन बंद हो गया था। तभी से क्षेत्रवासी लगातार पुल के शीघ्र निर्माण व तब तक अस्थाई व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मौके पर पहुंचे ओर स्थिति जायज़ा लेकर इस संबंध मे क्षेत्र के किसानो व क्षेत्र के पदा. धिकारियों से बात की। राकेश टिकैत ने बताया की ब्रिटिश कालीन सभी पुल जज्जर हालत मे हैं। जिनके बराबर मे दूसरे पुल का निर्माण शीघ्र किया जाये निरगाजनी नहर पुल क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के किसानो व अन्य को भारी परेशानी का सामना है। प्रशासन शीघ्र नये पुल को बनवाये तब



तक मजबूत गाटर डालकर अस्थाई पुल बनाकर आवागमन चालू किया जाये। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले।जिलाधिकारी से इस संबंध मे बात की जायेगी व समस्या का समाधान कराया जायेगा।इस अवसर पर जिला महासचिव पुष्पेन्द्र चौधरी, ब्लॉक् अध्यक्ष अनुज राठी,मोंटी राठी तहसील उपाध्यक्ष, ब्लॉक् उपाध्यक्ष विनीत कुमार, उदयवीर सिंह, बिटू गड़वाडा, मोगि. हत प्रधान, संदीप शिवाच, बॉबी राठी, सरदार पलविंद्र, सरदार अमीर सिंह, रवि गड़वाडा, अजय कादीपुर आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर अभियान पर मंत्री कपिल देव ने किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मेरठ रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के अतिथि भवन में एसआईआर (स्पेशल इंटरसिव रिविजन) कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी व गति प्रदान करने के उद्देश्य से पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, कार्ययोजना की रूपरेखा, बूथ स्तर तक कार्य की प्रगति तथा जनसंपर्क को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एसआई अभियान लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एसआईआर फार्म भरना अत्यंत आवश्यक है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें और समयबद्ध रूप से फार्म भरवाने का कार्य सुनिश्चित करें।

बैठक में एसआईआर कार्यक्रम के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय की गई तथा अभियान को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थिति से मंत्री कपिल देव को अवगत कराया और महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से ही एसआईआर अभियान को सफल बनाया जा सकता है। हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो।

बैठक का समापन एकजुटता और संकल्प के साथ किया गया कि प्ट कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाकर अधिकतम लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त किया जाएगा।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, शरद शर्मा, देशबंधु तोमर, रो. हतास पाल, मण्डल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, अमित शास्त्री, दीपक मित्तल, नन्द किशोर पाल, रोहित तायल,शलभ गुप्ता आदेश गौतम, अमन तोमर, विशाल गर्ग, नमिष चंदेल आदि मौजूद रहें।

### आठ ट्यूबवैलों पर हजारों रुपये की संपत्ति चोरी

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** अज्ञात चोरों ने रतनपुरी थाना क्षेत्र के एक जंगल में स्थित आधा दर्जन से भी अधिक किसानों की टयूबवेलों को अपना निशाना बनाते हुए लगभग 65 हजार रुपये के आसपास की कीमत की संपत्ति चोरी कर रतनपुरी पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। इस मामले में सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना से अन्य किसानों में भी जबरदस्त भय बना है। किसान सत्यप्रकाश पुत्र जयपाल सिंह निवासी गांव मंडावली खादर थाना रतनपुरी ने रतनपुरी पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि बीती 24 नवम्बर की प्रथम रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा गांव मंडावली खादर के जंगल में ही स्थित उसकी और उसके पड़ोसी किसान मदन पुत्र रतन पाल, सुरेश पुत्र नकली, अनिल पुत्र अनुप, सुरेन्द्र पुत्र मदन पाल, संजीव पुत्र नत्थू सिंह और बिजेन्द्र पुत्र रतन सहित अन्य किसानों की टड्ढबवेलों की दीवार तोडकर उसमें लगे स्टार्टर और विद्युत केबिल चोरी कर लिया गया।

# आतंकी हमले की बरसी पर शिवसेना ने शहीदों को किया नमन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिवसेना पश्चिम प्रदेश कार्यालय पर आज एक विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों और निर्दोष नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई मीटिंग की अध्यक्षता पश्चिम प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा द्वारा और संच. ालन जिला अध्यक्ष बिटू सिखेड़ा द्वारा किया गया सभी पदाधिकारी ने 2 मिनट का मन रखकर शहीदों को याद किया कार्यक्रम के दौरान शहीदों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

इस दौरान प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा ने कहा कि 26 /11 का दिन देश की वीरता बलिदान और एकता की याद दिलाता है जवानों की शहादत को कभी बुलाया नहीं जा सकता उनके पराक्रम देशवा. सियों के लिए प्रेरणा स्रोत है जिला अध्यक्ष बिटू सिखेड़ा ने सभी पदा. धिकारी के साथ संकल्प लिया की शहीदों के पराक्रम और देशभक्ति की भावनाओं को नई पीढ़ियां तक पहुंचाया जाएगा और आतंकवाद के खिलाफ देश की एकता एवं मजबूत संकल्प को बनाए रखा जाएगा इस दौरान शरद कपूर नरेंद्र पवार मुकेश त्यागी संजीव वर्मा देवेंद्र चौहान उज्ज्वल पंडित वैभव यादव राजन वर्मा संदीप पाटिल राजेंद्र तायल शैलेंद्र विश्वकर्मा निकुंज चौहान आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नगर आयुक्त का डिजीटल लाइब्रेरी में निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज निगम परिसर स्थित गांधी डिजीटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी में अध्ययन से सम्बंधित और सुविधाएं तथा समय बढ़ाने का आश्वासन छात्र-छात्राओं को दिया। लाइब्रेरी में आने वाले छात्र-छात्राओं व पाठकों से सुझाव भी लिए।

नगरायुक्त ने निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी में उपलब्ध संसाधनों, डिजिटलीकरण प्रक्रिया, पुस्तक व्यवस्था एवं लाइब्रेरी में आने वाले विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं पाठकों से संवाद स्थापित करते हुए उनसे अध्ययन से संबंधित आवश्यकताओं, समस्याओं एवं सुधार के सुझावों पर चर्चा की।

छात्र-छात्राओं से प्राप्त सुझावों के आधार पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने आश्वासन दिया कि लाइब्रेरी की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराये जाएंगे, जिससे छात्र-छात्राओं को आधुनिक, अध्ययनशील एवं प्रेरणादायक वातावरण उपलब्ध हो सके।

उन्होंने अधिकारियों को लाइब्रेरी में प्रेरणादायक और मोटिवेशनल विचारों को प्रदर्शित किया जाए ताकि छात्र-छात्राओं में सकारात्मकता, नैतिकता एवं अध्ययन के प्रति रुचि बढ़े। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं शिक्षा के साथ जोड़ना है तथा इसे और अधिक प्रभावी, आकर्षक और उपयोगी बनाना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिए कि लाइब्रेरी में बेहतर बैठने की व्यवस्था, सामग्री की उपलब्धता, डिजिटल संसाधनों और अध्ययन के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि यह स्थान शिक्षार्थियों के लिए ज्ञान और प्रेरणा का केंद्र बन सके।

## घायल ने दम तोड़ा

**अंबेहटा।** खेड़ा अफगान गंगोह रोड पर मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। याकूबपुर के निकट खेड़ा अफगान रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान अनुज नौटियाल (उम्र करीब 30 वर्ष) पुत्र अशोक नौटियाल, निवासी माता गढ़ मंदिर के पास, सहारनपुर के रूप में हुई है। अनुज एक निजी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था और रोजाना की तरह सहारनपुर से गंगोह बाइक से आता-जाता था।परिजनों ने बताया कि अनुज की शादी दिसंबर में ही तय हुई थी। खुशी के इस माहौल में अचानक आई यह दुखद खबर से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन अंबेहटा पुलिस चौकी पहुंचे और शव की शिनाख्त की। चौकी प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा हुआ है।

# रैली में रामपुर से भारी भागेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन आजाद समाज पार्टी द्वारा संविधान दिवस पर आयोजित रैली में शामिल होने को सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं का एकता बड़े उत्साह के साथ भीम आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए रवाना हुआ।

बुधवार को मुजफ्फरनगर के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में भीम आर्मी भारत एकता मिशन आजाद समाज पार्टी द्वारा आयोजित संविधान दिवस के मौके पर संविधान अधिकार बचाओ रैली में नगर व देहात क्षेत्र से कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या वाला जत्था रवाना हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का झंडा थामे गगन भेदी नारे लगा रहे थे। चंद्रशेखर संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं जैसे गगन भेदी नारो से आकाश गुंजायमान था। सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता अपने-अपने प्राइवेट वाहनों,बाइ. कों एवं संगठन द्वारा भेजी जा रही बसों के माध्यम से रैली में शामिल होने को रवाना हुए इस दौरान महिलाएं भी साथ रही। इस दौरान प्रदेश कोर कमेटी सदस्य रविंद्र प्रधान ने कहा की संविधान दिवस पर आयोजित रैली का उडदेशय आपस में भाईचरा कायम करना एवं संविधान अधिकार को बचाए रखना है। जिसको लेकर लोगों में अत्यधिक उत्साह है। इस दौरान डा रोहित राज गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की रीति नीति सनझकर भारी संख्या में लोग भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी का दामन थाम रहे है। इस दौरान सुंदर लाल नगर अध्यक्ष, अनुज कुमार जिला प्रभारी, अनुज चंद्र विधानसभा अध्यक्ष, जोगिंदर मनानी,रवी जाटव साहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का विधिवत् शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बीआरसी बीराखेड़ी विकास खंड के द्वारा ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन।

ग्राम बिलासपुर फूलमदे माता मंदिर के मैदान में विधायक किरत सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी प्रीतिपाल के द्वारा खेलों का उद्घाटन किया गया। विधायक द्वारा विजेता बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। सत्यपाल चौधरी, नीरज, मोनू ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

खेल शिक्षक अमित कुमार, विकास कुमार, अजीत सिंह, अनुराग खटाना के द्वारा खेलों का संचालन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक मौजूद रहे।

# चौराहों पर चला जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड प्रभारी मिथिलेश राठौर ने महिला कांस्टेबल प्रीति चौधरी के साथ बुधवार को नगर के मुख्य चौराहों पर धमाकेदार जागरूकता अभियान चलाया।

महिलाओं-लड़कियों को सबसे पहले समझाया गया कि "डिजिटल अरेस्ट" नाम की कोई चीज नहीं होती। फोन पर कोई खुद को पुलिस या बैंक अधिकारी बताकर डराए, वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी दिखाए, ओटीपी मांगे ख्र ये सब ठग हैं। तुरंत 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) या 112 पर कॉल करें। साथ ही सरकारी योजनाओं, गुड टच-बैड टच और महिलाओं के कानूनी अधिकारों की भी पूरी जानकारी दी। महिलाएं बोलीं, "मैडम ने इतना आसान तरीके से समझाया कि अब कोई ठग फोन करेगा तो हम खुद उसकी गिरफ्तारी करवाएंगे!"मिथिलेश राठौर ने कहा, "महिला सुरक्षित तो समाज सुरक्षित। डरने की नहीं, डटकर मुकाबला करने की जरूरत है। पुलिस 24 घंटे आपके साथ है।"अभियान देखकर बाजार में मौजूद लोग भी तारीफ करते नहीं थके। मिशन शक्ति की यह मुहिम छुटमलपुर में महिलाओं का हौसला बुलंद कर रही है।

# उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 7 विकेट से हराया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बीसीसीआई की कूच बिहार ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की अंडर-19 टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ की टीम को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में शानदार बोलिंग कर 9 विकेट लेने वाले सहारनपुर निवासी अयान अकरम को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

बिहारीगढ़ की सुंदरपुर स्थित सॉलिटेयर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे हैं बीसीसीआई की कूच बिहार ट्रॉफी के चौथे दिन उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की। चार दिवसीय मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम अपनी दूसरी पारी में 250 रन पर सभी विकेट गंवा बैठी। छत्तीसगढ़ के लिए विकल्प ने 67 और फैज ने 40 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की गेंदबाजी की ओर से रवि सैनी ने 4, अयान अकरम ने 3, यश ने 2 और कार्तिके ने 1 विकेट अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश को लक्ष्य के रूप में केवल 63 रन का आसान टारगेट मिला, जिसे उन्होंने सिर्फ 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। शतनु ने 35 और भव्य गोयल ने 12 रन बनाए और अनमोल नौसरान 9 रन के साथ नाबाद रहे। मैच में बीसीसीआई के रेफरी अलिंद नायडू, अंपायर अक्षय जांबलेकर और संदीप वासुदेव चव्हाण रहे। मैनुअल स्कोरिंग प्रशांत चतुर्वेदी और ऑनलाइन स्कोरिंग एसपी सिंह ने की। वीडियो एनालिस्ट के रूप में ऋषि कपूर और सतीश अवस्थी रहे। मैच के आयोजन में सॉलिटेयर क्रिकेट ग्राउंड के डायरेक्टर डॉ. सैयद फैसल, एसडीसीए के चेयरमैन मोहम्मद अकरम, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा, संरक्षक अमर गुप्ता, राज कुमार राजू, एसडीसीए के मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, यूपीसीए कमेटी सदस्य साजिद उमर, जॉइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, भावना तोमर, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष, राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल, ललित पंवार का सहयोग रहा।

# 10 बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल द्वारा जनपद के ऐसे 10 बीएलओ जिन्होने सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का वितरण एवं भरे हुए गणना प्रपत्रों के शत-प्रतिशत डिजीटाइजेशन का कार्य सफलतापूर्वक समय से पूर्व कर लिया है, उन्हें प्रशस्ति पत्र व बुके देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले बीएलओ में राजपाल, शिक्षा मित्र, शिक्षा विभाग , बीएलओ बूथ सं. 20 विधान सभा-1 बेहट, पवन कुमार, शिक्षा मित्र, शिक्षा विभाग सहारनपुर बीएलओ बूथ सं. 281 विधानसभा4-सहारनपुर, श्रीमती अलका देवी, आंगनबाडी कार्यकत्री, बाल विकास परियोजना विभाग सहारनपुर बीएलओ बूथ सं. 44 विधान सभा 5-देवबन्द, श्रीमती मोनी देवी, आंगनबाडी कार्यकत्री, बाल विकास परियोजना विभाग सहारनपुर बीएलओ बूथ सं. 59 विधान सभा 5-देवबन्द, श्रीमती टीना रानी, आंगनबाडी कार्यकत्री, बाल विकास परियोजना विभाग सहारनपुर बीएलओ सं. 61 विधान सभा 5-देवबन्द, शोएब अंसारी, सहायक अध्यापक, शिक्षा विभाग सहारनपुर बीएलओ बूथ सं. 161 विधान सभा 5-देवबन्द, श्रीमती बिमला रानी, आंगनबाडी कार्यकत्री, बाल विकास परियोजना विभाग सहारनपुर बीएलओ बूथ सं. 122 विधान सभा 6-रामपुर मनिहारान, श्रीमती निर्मला, आंगनबाडी कार्यकत्री, बाल विकास परियोजना विभाग सहारनपुर बीएलओ बूथ सं. 130 विधान सभा 6-रामपुर मनिहारान, श्रीमती सुधा रानी, आंगनबाडी कार्यकत्री, बाल विकास परियोजना विभाग सहारनपुर बीएलओ बूथ सं. 133 विधान सभा 6-रामपुर मनिहारान एवं श्री जयओम, सहायक अध्यापक, शिक्षा विभाग सहारनपुर बीएलओ बूथ सं. 166 विधान सभा 6-रामपुर मनिहारान शामिल रहे।

श्री बंसल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार विधानसभा निर्वाचक नामाव. लियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि इस अवसर का लाभ उठाकर अपना व अपने परिवार के सदस्यों के गणना प्रपत्रों को संबंधित बीएलओ के माध्यम से भरवाकर मतदाता सूची को अद्यावधिक बनाने में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

# रजवाहा की पटरी टूटी, किसानों को नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र के गांव सीकरी कला में रजवाहे की पटरी टूटने से किसानों को हुआ भारी नुकसान।

मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग द्वारा रंडौल रजवाहे की जेसीबी मशीन द्वारा सिल्ट सफाई की गयी थी, जिसे विभाग द्वारा बीच में ही आधा अधुरा छोड़ दिया गया था, जिसके चलते किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि सिल्ट सफाई का आधा अधुरा कार्य होने के बावजूद सोमवार को रजवाहे में पानी छोडा गया, लेकिन सफाई कार्य पूरा न होने के कारण पानी के दबाव से रजवाहे की पटरी टूट गयी, ओर पानी खेतों में फैल गया, ओर गेंहू की फसल बर्बाद हो गयी। जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

सीकरी कला के पीड़ित किसानों देवीसिंह, पवनसिंह, सुमित, नरेश, धर्मसिंह व जयसिंह आदि ने सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता से स्थलीय जांच कर पटरी की मरम्मत व किसानों के नुकसान की भरपाई कराये जाने की मांग की है।

**Notice**

I have changed my name from RAJNI SHARMA to RAJNEASH SHARMA in future for all purposes. I shall be known & addressed as RAJNEASH SHARMA W/O RAJNISH KUMAR R/O 30, ANJANI VIHAR PAPER MILL ROAD DISTT- Saharanpur U.P. 247001

## रक्तदान शिविर लगाया

**गंगोह।** शहीद भगत सिंह चैरिटेबल ब्लड सेंटर ने सहयोग से एचडीएफसी बैंक शाखा ने बुधवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन गंगोह उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहल्लडमल गर्ग व ब्रांच हेड हारून अब्बास ने किया। शिविर में 26 रक्त वीरों ने रक्त दान किया। रक्त शहीद भगत सिंह चौरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा रक्त संग्रहित किया गया। बैंककर्मी सूर्या कुमार, नवनीत कुमार, ललित कुमार, अरुण भारती, दीपक कुमार, वैभव, भावना, मोहन आदि मौजूद रहे।

# गली मौहल्लों में बनी कुत्तों के झुंड की दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मोहल्लों-गलियों से एक ही आवाज उठ रही है "बस बहुत हो गया। अब कुत्तों के झुंड से डरकर नहीं जिएंगे!"20-20 कुत्तों का झुंड दिन-रात सड़कों पर राज कर रहा है।

बच्चे स्कूल जाते वक्त रोते हैं, महिलाएं घर से निकलने से डरती हैं, बाइक सवार गिरते-गिरते बचते हैं। नवाब अली, दिलशाद, रिजवान, इमरान, रमेश, दीपक, सन्नी, सचिन, बबली, रेखा, सुमन, गुलाबो, नाजमा, साइस्ता सहित सैकड़ों लोग एक सुर में चिल्ला रहे हैं।

नगर पंचायत जागो! एक हफ्ते में पकड़ो, नसबंदी करो, वैक्सीन लगाओ वरना हम सब सड़क पर उतरेंगे!"लोगों ने चेतावनी दी "अगर एक भी



बच्चा कट गया तो पूरा शहर बंद कर देंगे जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ नगर पंचायत होगी।

**Notice**

I have changed my name from RAJNEESH KUMAR to RAJNISH KUMAR in future for all purposes. I shall be known & addressed as RAJNISH KUMAR S/O BISHAMBER DASS SHARMA R/O 30 ANJANI VIHAR PAPER MILL ROAD DISTT- Saharanpur U.P. 247001

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री अनुपमा उर्फ छवि को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सुन्दरलाल पुत्र बालकनाथ निवासी ग्राम कांकरकुई, थाना रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मौहम्मद जकी व पुत्रवधू राहिला को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नसीम बेगम पत्नि स्व. हसन अहमद निवासी जोगियान पुल, शमादार, छत्तेवाली गली, नगर कोतवाली, सहारनपुर।**

# संविधान दिवस पर कमिश्नर व डीएम ने दिलाई शपथ, संविधान को बताया सर्वोपरि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर सरकारी कार्यालयों पर जहां अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी वहीं गैर सरकारी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर संविधान को सर्वोपरि बताया गया।

मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार द्वारा आयुक्त कार्यालय में एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा कलेक्ट्रेट में सभी अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान को 26 नवम्बर को अंगीकृत किए जाने के उपलक्ष्य में इस दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमारा संविधान सर्वधर्म एवं सर्वसमाज को लेकर चलने वाला है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पोर्टल पर डिजिटल रूप से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कराया जा रहा है। इस अवसर पर आयुक्त कार्यालय में अपर आयुक्त भानू प्रताप यादव, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश यादव, प्रशासनिक अधिकारी कर्णपाल सहित अन्य कार्मिक तथा कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम आसरे सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

संविधान दिवस के अवसर पर आज नगर निगम में भी नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलायी गयी। शपथ अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने दिलायी।

अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव ने संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के लोग' का वाचन करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर उन्होंने कहा भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। भारतीय संविधान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में माना जाता है। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। उन्होंने कहा कि आज हम सब इस बात का भी संकल्प लें कि हम ईमानदारी से अपना कर्तव्य करते हुए देश और समाज के उत्थान के लिए काम करेंगे।








राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के जिला अध्यक्षा व सपा नेता जमाल साबरी ने कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में संवैधानिक मूल्यों-न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देता है। जिलाध्यक्ष जमाल साबरी आज दिवानी न्यायलय में अपने चौम्बर में आयोजित संविधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें इस अवसर पर जमाल साबरी ने कहा कि यह दिवस हमे यह भी याद दिलाता है कि हमारा संविधान विभिन्न, धर्मो भाषाओं और संस्कृतियों वाले करोड़ो लोगों को एकता के धागे में पिरोता है। संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्येक नागरिका में संवैधानिक मूल्यों - न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देता है। देश के हर नागरिक के लिए यह गर्व का दिन है, देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम लोग इस उत्सव को पूरे जोश के साथ मनाये देश के आजाद होने के बाद हर भारतीय नागरिक को संविधान द्वारा उसे दिये गये मौलिक अधिकारों का आनन्द लेते आ रहे है, लेकिन हमे इसके साथ-साथ देश के कानून का पालन करने और संविधान में दिये गये मौलिक कर्तव्यों को निभाने का भी संकल्प लेना चाहिए। अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुऐ ही हम देश को विकास की उचाई पर ले जा सकते है। कार्यक्रम में राव खालिद एड, मौ शाहजमा एड, अभिषेक एड,अदिति सिंह पंवार एड, साकिर एड, सागर एड, मो. सादिक एड., रुमन लाम्बा एड, साकिब एड., सोनू एड,सर्वजीत एड, नफीस एड, सन्दीप पंवार, फैसल एड, विकास एड, नोशाद एड, उदय, आशु कुमार, अरहान अली आदि मौजूद रहे।

रंडोल शिक्षा केन्द्र में संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अबुजर उप प्रधानाचार्य आई पी इंटर कालेज खिड़का भटकव्वा के दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद छात्रों को भारतीय संविधान के महत्व, नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कई विद्यार्थियों ने भाषण, निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अवनीश पालीवाल ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। इस मौके पर मास्टर साजिद हसन, बर्मन सरावल, भास्कर, सन्नी पालीवाल, आकाश, अभिषेक, कुणाल, रोहित, बुलबुल, अंजलि, सवति कपिल, राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

**बेहट।** जनता इंटर कॉलेज बेहट के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र ने कहा कि भारतीय संविधान सबसे अधिक विस्तृत तथा उच्च कोटि का ऐसा नियमों, कानूनों का संग्रह है जिसके माध्यम से अच्छे लोकतंत्र की स्थापना एवं व्यवस्था करने में सहयोग मिलता है। प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है कि वे भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों से पहले राष्ट्र व समाज के प्रति कर्तव्यों का ठीक प्रकार से पालन करें। कार्यक्रम के आरंभ में वरिष्ठ प्रवक्ता हरपाल सिंह ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को संविधान का सम्मान करने और इसका पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हरपाल सिंह,मुकेश कुमार अरुण कुमार गौतम, प्रदीप चौधरी, राजेश त्यागी मोनू चौहान के अलावा खुशनसीब, शाकिब, मिस्बाह, आंचल, मुदस्सीरा वंशिका आरजू छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार गौतम ने किया।

## चलती कार में लगी आग, कई लोग बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** कार में अचानक आग लगने से मौके पर अफरा तफरी और कार में बैठे लोगों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया।

जनपद मुजफ्फरनगर के गंगा रामपुर निवासी उत्कर्ष गोयल मंगलवार शाम अपने दो साथियों के साथ देवबंद में रहमत गार्डन में हो रहे विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। देर रात करीब 11 बजे जब वह वापस लौट रहे थे। इस दौरान स्टेट हाइवे पर आबादी क्षेत्र में बने फ्लाईओवर के पिलर नंबर 60 के समीप पहुंचने पर अचानक कार में आग गई। इससे कार में बैठे तीनों लोगों ने शोर मचा दिया। मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंच कार में सवार तीनों लोगों को कार से निकाला। इसके बाद कार धूं धूं कर जलने लगी और देखते ही देखते आग का गोला बन गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। मंगलौर रोड पुलिस चौकी इंचार्ज अजब सिंह का कहना है कि पूछताछ के बाद पता चला है कि कार में सीएनजी किट लगी हुई है। उसमें लीकेज के चलते ही आग लगी है।

## शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रीय भावना के साथ मनाया गया संविधान दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षण संस्थाओं में संविधान दिवस सम्मान, गरिमा और राष्ट्रीय भावना के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ा, संविधान की महत्ता पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का आगाज संविधान की प्रस्तावना के सामुहिक वाचन के साथ हुआ। इस दौरान छात्राओं ने भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रबंधक एवं अंतराष्ट्रीय शायर डा. नवाज देवबंदी संविधान के महत्व, विशेषताओं ओर नागरिक कर्तव्यो की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को प्रधानाचार्य फौजिया अब्दुल्ला खान ने संविधान के नियमों का पालन कर समाज एवं देश के उत्थान का आह्वान किया। इस्लामिया कॉलेज






ऑफ लॉ में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों और कर्तव्यों का महत्व बताया गया।इस दौरान प्राचार्य डा. वकील अहमद और विभागाध्यक्ष डा. बुशरा शफीक ने कहा कि हम सब संविधान से बंधे हुए हैं। क्योंकि संविधान से ही हमारा देश चलता है इसलिए हम सबको देश की प्रगति के लिए संविधान के दायरे में ही रहकर कार्य करने चाहिए। जिससे हमारा देश विश्व गुरु बन सके। इस दौरान शाहबानो बनाम अहमद खान केस पर जहां नाट्य प्रस्तुत किया गया। वहीं दहेज मुक्ति, नारी सशक्तीकरण, फिट इंडिया और नशा मुक्ती के मुद्दों पर भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यकम में राहुल देव त्यागी, तंजीम फातिमा, नदीम अहमद, तरुण कुमार, उस्मान अली, शगुफ्ता अब्बासी सहित महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थी शामिल रहे। राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में छात्रों व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान प्रस्तावना का वाचन किया। साथ ही संविधान के प्रति निष्ठा, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और कर्तव्य पालन की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि संविधान देश का सर्वोच्च ग्रंथ है, जो हमे समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व की राह दिखाता है। उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. त्रिसुख सिंह, डॉ. रेनू रानी, डॉ. पूर्णिमा सिंह, डॉ. धीर सिंह, डॉ. मदनपाल सिंह व डॉ. सचिन कुमार मौजूद रहे।

भायला पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने छात्रों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाते हुए राष्ट्र निर्माण की गति. विधियों में भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. राजेश कुमार, शिवकुमार, तुषार राणा, हुकुम सिंह, राजपाल सिंह, रविकांत सैनी, शुभम, माधुरी और रूचि आदि शामिल रहे।

## मुठभेड़ के बाद हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों की मुठभेड हो गई। इसमें कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर मोहल्ला कायस्थवाड़ा निवासी अहमद पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी जंगल के रास्ते फरार हो गया। घायल बदमाश के विरुद्ध देवबंद कोतवाली में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनीष तिवारी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस लूट, चोरी और नकबजनी आदि घटनाओं की रोकथाम के लिए चंदपुर कायस्थ गांव में ईंट भट्टे के पास चेकिंग अभियान चला रहा थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर आ रहे दो व्यक्तियों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने



पुलिस पर फायर कर दिया। इसमें कई पुलिसकर्मी गोली लगने से बाल बाल बचे। पीछा करने पर बदमाशों की बाइक कुछ दूरी पर बने चकरोड़ पर अनियंत्रित होकर गिर गई। पुलिस को नजदीक आता देख उन्होंने फिर से

**चंदपुर कायस्थ में हुई पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़, एक बदमाश फरार**

फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरा जंगल के रास्ते फरार हो गया। सीओ अभितेष सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया बदमाश मोहल्ला कायस्थवाड़ा निवासी अहमद है, जो कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है और उसके विरुद्ध चोरी व आर्म्स एक्ट समेत करीब 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसके कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा और दो कारतूस व एक बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है। उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

## 350वें शहीदी पर्व पर गुरुद्वारा में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हिंद की चादर साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज, भाई मतीदास, भाई सतीदास व भाई दयाला के 350 वें शहीदी पर्व पर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने गुरु जी के जीवन और उनकी शहादत पर प्रकाश डाला। अमृतसर से आए भाई गुरमीत सिंह व बीबा कुदरत कौर ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया।

मंगलवार की रात आयोजित हुए कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध योगाचार्य डा. दयाशंकर विद्यालंकार ने कहा कि गुरुओं ने सनातन संस्कृति के लिए जितनी कुर्बानियां दी उनका ऋण यह देश कभी चुका नहीं सकता। एडीजे. विनित वासवानी ने गुरूओं के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। गुरुद्वारा कमेटी के सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने भी विचार रखे। गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार ने प्रभातफेरी व आयोजनों को सफल बनाने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी की ओर से डा. दयाशंकर विद्यालंक.



ार, एडीजे विनित वासवानी, एसीजेएम परविंदर सिंह, बाबा अजीत सिंह, बाबा कपिल सिंह, आरएसएस जिला प्रचारक अरविंद भारद्वाज, गजराज राणा, मनोज सिंघल एड. व राजपाल सिंह को सिरोपा व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। भाई गुरदयाल सिंह ने अरदास की। श्याम लाल भारती, सतीश गिरधर, चंदद्रीप सिंह, सचिन छाबड़ा, राजेश अजमानी, अवनीश भारती, हरविंदर सिंह बेदी, हर्ष भारती, डा.सुरेंद्र सिंह सोढी, रवि होरा, हर्षप्रीत मनचंदा आदि शामिल रहे।

## व्यापारियों ने किया संगठन की बैठक में मजबूती पर विचार-विमर्श

**देवबन्द।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बैठक में आए नवागत कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा का अभिनंदन हुआ।

हाईवे स्थित डाकबंगले पर उद्योग व्यापार मंडल की आयोजित बैठक में नगर अध्यक्ष विवेक तायल ने कहा कि स्थापना से लेकर आज तक संगठन व्यापारी हितों की लड़ाई लड़ रहा है। कहा कि व्यापारी समाज देश की आर्थिक उन्नति की रीढ़ है। यह प्रशासनिक कार्यों में भी बढ़चढ़ सहयोग करता है। पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह व्यापारी के साथ शोषणात्मक कार्रवाई न करे। महामंत्री राजेश सिंघल ने व्यापारियों से



प्रशासन का पूर्णतया सहयोग करने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी, संरक्षक संदीप शर्मा, एडवोकेट मनोज सिंघल, वंशराज सिंघल व फिरोज गौड़ ने भी विचार रखें। इस मौके पर ठा. सुरेंद्रपाल सिंह, पंजाबी समाज के अध्यक्ष सतीश गिरधर, अय्यूब बेग, अजय गर्ग, मोि. हत अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, सौरभ बंसल, अमित गर्ग, पुष्कर वर्मा, रिजवान अंसारी, लक्की वर्मा आदि शामिल रहे।

## शादियों में नाच, गाने और बैंडबाजों से बचें मुस्लिम

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने मुसलमानों के घरों और सामाजिक समारोहों में म्यूजिक बजाने, नाच गाने, बैंडबाजों और आतिशबाजी के चलन पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने इसे न सिर्फ इस्लाम के खिलाफ बताते हुए कहा कि गैर शरई अमल मुसलमानों की वर्तमान परेशानियों और बेचौनी की एक अहम वजह है।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि आज हालात ऐसे हो चुके हैं कि अल्लाह की नाफरमानी को एक तरह का स्टेटस सिंबल (प्रतिष्ठा का प्रतीक) बना लिया गया है। उन्होंने अफसोस जताया कि इस्लाम मे जिन कामों से बचने की मनाही की गई है, वही काम आज खुशी, शोहरत, फैशन और आधुनिकता के नाम पर आम होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे घरों में कुरआन की तिलावत की जगह म्यूजिक और गानों ने ले ली है जबकि यही हाल दुकानों का है जहां गानों के शोर ने माहौल को घेर रखा है। हमारी शादियां भी अब इबादत का माहौल नहीं बल्कि मनो. रंजन का मंच बन गई हैं, जहां नाच, गाने, बैंडबाजे और शोर-शराबा अनिवार्य समझा जाना लगा है। उन्होंने मुसलमानों से शादियों को सुन्नत तरीके से करने और इनमें होने वाली फिजूलखर्ची से बचने का आह्वान किया है।

## हादसे का शिकार हुई आशु त्यागी का घलौली में हुआ अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घलौली गांव निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी और स्काटिश इंटरनेशनल स्कूल शामली की प्रधानाचार्या रहीं आशु त्यागी का गांव के ही श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उत्तराखंड में हुए सत्संग से वापस लौटने के दौरान टिहरी गढ़वाल में बस खाई में गिर जाने से आशु त्यागी समेत पांच श्रद्धालुओं की मौत हुई थी।



मंगलवार देर रात आशु त्यागी का शव जैसे ही घलौली गांव पहुंचा तो स्वजन में कोहराम मच गया। सुबह करीब 10 बजे गांव स्थित शमशान घाट में आशु त्यागी का अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि लंदन से लौटे उनके पुत्र लक्की त्यागी ने दी। आशु त्यागी की अंतिम यात्रा में त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी, ग्राम प्रधान मोनू कुमार, भाजपा जिला मंत्री पंकज त्यागी, देशदीपक त्यागी, अजय त्यागी, विजय त्यागी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। स्काटिश इंटरनेशनल स्कूल का स्टाफ भी गांव घलौली पहुंचा और मौत पर दुख जताते हुए स्वजन को सांत्वना दी। बता दें कि जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा चरथावल निवासी आशु त्यागी की शादी वर्ष 1993 में घलौली गांव में पूर्व सैनिक स्व. बाबू मंगल सिंह के पुत्र प्रदीप त्यागी के साथ हुई थी। आशु त्यागी वर्तमान में शामली के स्काटिश इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्या थी। जबकि उनके पति स्कूल में ही प्रशासक के पद पर तैनात हैं।

## ट्रक हादसे में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत



**चौसाना।** बीते 25 अक्टूबर मे रेत से भरे बिना नम्बर के डम्पर की टक्कर से घायल बुजूर्ग की चंडीगढ मे उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार को मृतक का शव गांव मे उसके घर पहुॅचा तो कोहराम मच गया। बता दें कि हादसे के बाद से आरोपी फरार है और वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे मे लिया हुआ है। 25 अक्टूबर के दिन चौसाना निवासी रजाक किसी कार्य से अपने घर से स्कूटी पर सवार होकर बिडौली मार्ग से सुंदरनगर जा रहा था। जैसे ही वह शामली बस स्टेंड स्थित बिजली पर घर के निकट पहुॅचा तो मार्ग पर पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार में आ रहे रेत से भरे डंपर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि रजाक स्कूटी से सडक पर ही दूर जाकर गिरा और स्कूटी बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे मे पीडित को गम्भीर चोटे आई। जिसके बाद पीडित को करनाल के कल्पना चावला हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया, जहां से गम्भीर हालात के चलते चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। परिजनो ने बताया कि इलाज के दौरान चिकित्सको ने पीडित की एक टांग को काट दिया। लेकिन फिर से भी पीडित की हालात मे सुधार नही आया। लगभग एक माह तक चले उपचार के बाद मंगलवार रात उसकी मौत हो गई। बुधवार को मृतक का शव उसके घर पहुॅचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। देरशाम शव को सुपूर्देखाक कर दिया गया।

### आखिर बिना नम्बर के डम्परो पर कब लगेगी लगाम

चौसाना से थानाभवन मार्ग पर आए दिन दर्जनों की संख्या मे आए दिन रेत से भरे डम्पर दौडतें है जिन पर किसी प्रकार का कोई नम्बर प्रदर्शित नही होता। बीते 25 अक्टूबर को हुए हादसे मे बुजूर्ग रजाक ने दम तोड दिया लेकिन सवाल उठता है कि सरकारी तंत्र आखिर ऐसे बेलगाम वाहनों पर शिकंजा कब कसेगा।

## झिंझाना में सफाई हड़ताल के सातवें दिन, गंदगी के पहाड़ खड़े, स्वास्थ्य संकट का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के सातवें दिन भी झिंझाना कस्बा गंदगी की मार झेल रहा है। कूड़े के ढेर लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और स्वास्थ्य संकट का खतरा मंडराने लगा है।

गलियों और मोहल्लों में कूड़े के अंबार लगे हैं, जिनसे निकलने वाली दुर्गंध ने लोगों का चौन छीन लिया है। बाजार क्षेत्र में हालात और भी गंभीर हैं। यहां दुकानदारों को मजबूरन खुद ही झाड़ू लगाकर कूड़ा इकठा करना पड़ रहा है।

नागरिकों का कहना है कि घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। सफाई कर्मचारियों और नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप के बीच विवाद जस का तस बना हुआ है। दोनों पक्षों के अपनी अपनी मांगों पर अड़े रहने के कारण अब



तक कोई समझौता नहीं हो पाया है। इस खींचतान की सबसे बड़ी कीमत आम जनता को चुकानी पड़ रही है। हताश कस्बेवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और इस संकट को हल करने की गुहार लगाई है। लोगों की नजरें अब प्रशासनिक अधिकारियों पर टिकी हैं, जो इस गतिरोध को तोड़कर सफाई व्यवस्था को पटरी पर ला सकते हैं।

## खुड़ाहेड़ी में कृषक गोष्ठी

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के कृषि फार्म खुड़ाहेड़ी में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता कृषि वैज्ञानिक डा. डीबी फोण्डे ने कहा कि किसान गेहूं की बुवाई के साथ गन्ने की बुवाई अवश्य करे। गेहूं के साथ गन्ने की बुवाई करने से लगभग 3 हजार रुपए बीघा लागत कम आएगी। इसके साथ ही गेहूं का उत्पादन भी 15 से 20 प्रतिशत अधिक होगा। साथ ही समय से बुवाई करने पर गन्ने का उत्पादन भी अधिक होगा, जिससे किसानों को दोहरा लाभ मिलेगा। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने कहा कि उत्तम शुगर मिल किसानों के विकास के लिए प्रयासरत है, जिस कारण मिल प्रशासन हमेशा किसानों को उचित दाम पर गन्ने की नई प्रजातियां, दवाई और खाद के साथ कृषि यंत्र उपलब्ध करता है। किसानों को गोष्ठियों के माध्यम से अधिक उत्पादन की जानकारी उपलब्ध करता है।

## किसान एकता केंद्र के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**शामली।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार को किसान एकता केंद्र के पदाधिकारियों ने डीएम शामली के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा 9 दिसंबर 2021 को संयुक्त किसान मोर्चा को दिए गए लिखित आश्वासनों को आज तक पूरा न करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई।

किसान एकता केंद्र के प्रतिनिधियों ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने जिन मुद्दों पर सहमति जताई थी, वे आज भी अधर में लटके हुए हैं। किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर गारंटीड खरीद का कानून बनाने, व्यापक कृषि ऋण माफी, श्रम संहिता और बिजली बिल 2025 को वापस लेने, कृषि विपणन पर तैयार की गई राष्ट्रीय नीति रूपरेखा तथा राष्ट्रीय सहकारिता नीति को निरस्त करने जैसी प्रमुख मांगों को दो. हराया। साथ ही किसानों और श्रमिकों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी मुक्त व्यापार समझौते पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की गई।

## अनियंत्रित होकर पलटी स्कार्पियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** बुधवार सुबह लगभग 11:30 बजे किरतपुर-बिजनौर मार्ग पर वीरा कॉलोनी के पास एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बचा।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान की स्कॉर्पियो संख्या यूपी 20बीक्यू 4013 बिजनौर की ओर जा रही थी, जिसमें उनकी बहन, ड्राइवर सहित दो अन्य लोग सवार थे। बताया गया कि स्कॉर्पियो की रफ्तार तेज होने के कारण वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े लोहे के खंभों से टकराकर गड्ढे में पलट



गया। हादसे में चेयरमैन अब्दुल मन्नान की बहन और अन्य दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सहायता प्रदान की और उन्हें बिजनौर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा उलटकर किरतपुर की ओर मुड़ा हुआ दिखाई दिया, जबकि एयरबैग न खुलने से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। हादसे की सूचना मिलते ही नगरवासी तथा अध्यक्ष के शुभचिंतक बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को गड्ढे से निकाला। घायल चेयरमैन की बहन रिजवाना खतरे से बाहर हैं। हादसे में किसी का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

## अवैध तमंचे के साथ दबोचा



**हल्दौर।** बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग पर स्थित बालकिशनपुर चौराहे पर पुलिस ने मंगलवार की शाम गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध तमंचा बरामद होने पर पुलिस ने उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार युवक ने पूछताछ में खुद को थाना नहटौर क्षेत्र के गांव किशनपुर भोगन का निवासी बताया है। अवैध असलहे की बरामदगी के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के लिए चालान कर दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम MOH SADIQ से बदलकर MOHD SADIQ रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHD SADIQ के नाम से जाना पहचाना जाए।

MOHD SADIQ S/o
SARVAT KAREEM
9/664, MOHALLA MUFTI
SAHARANPUR, 247001.

**सूचना**

मेरे पिता का नाम ज़हीर हसन उर्फ अमन था मैं यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पिता का नाम ज़हीर हसन उर्फ अमन है।

कलीम पुत्र अमन
निवासी म.न. 844
पठानपुरा घासमंडी देवबंद
जिला सहारनपुर

**सूचना**

मैंने अपना नाम मौ0 जाहिर हुसैन MOHD ZAHEER HUSAIN से बदलकर जाहिर हुसैन ZAHIR HUSSAIN रख लिया है भविष्य में मुझे जाहिर हुसैन ZAHIR HUSSAIN के नाम से जाना व पहचाना जायें।

ZAHIR HUSSAIN
S/O MOHD HUSSAIN
1014 SHAHBUKHARI
DEOBAND DISTT-
SAHARANPUR U.P.

# भाजपा के इशारे पर काम कर रहा चुनाव आयोग: नरवाल

## कहा–दलित, पिछडो व अल्पसंख्यक वर्ग के मतों को व्यवस्थित रूप से समाप्त करने का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के इशारे पर कार्य कर रहा है और दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक वर्ग के मतों को व्यवस्थित रूप से समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस इस मुद्दे पर उग्र आंदोलन करेगी और जनता के सहयोग से इतिहास रचने का काम करेगी।

राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल आज गुरूद्वारा रोड स्थित कांग्रेस महानगर कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसआईआर सर्वे पूरी तरह भाजपा प्रेरित है और इसे केवल राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में इसी प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 28 लाख वोट काटे गए, जिन्हें बाद में कोर्ट के आदेश पर पुन: जोड़ा गया। यह पूरे लोकतांत्रिक ढांचे और जनता के अधिकारों के साथ मजाक है। नरवाल ने चुनाव आयोग को पूरी तरह भ्रष्ट और निष्पक्षता से दूर बताते हुए कहा कि आयोग भाजपा की कठपुतली बन चुका है और वह लो. कतंत्र की रक्षा करने के बजाय कमजोर वर्गों के मतों को निशाना बनाने में लगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब इस मुद्दे पर देशभर में जनजागरण अभियान शुरू करेगी और जनता के समर्थन से सरकार को कड़ा सबक सिखाया जाएगा।



प्रदीप नरवाल ने कहा कि हम कांग्रेसजन बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान और भारतीय लोकतंत्र की रक्षा के प्रति कृतसंकल्पित है।

नरवाल ने कहा कि इस संघर्ष के दौरान हम महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू के सिद्धांतो का अनुसरण करतें हुए अपने मिशन में सफलता प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी, महानगर अध्यक्ष अमरदीप जैन, प्रवक्ता गणेश शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिओम मिश्रा सहित मुजफ्फरनगर एवं शामली के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्नातक अपना वोट जरूर बनवाएं: टिंकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्नातक निर्वाचन क्षेत्र मेरठ– सहारनपुर खण्ड से समा. जवादी पार्टी के प्रत्याशी अधिवक्ता परमिंदर भाटी के पुत्र ऋषभ पार्टी को आज अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने बड़ी संख्या में स्नातक फॉर्म वोट बनवाने के लिए सौंपने का कार्य किया और अपने निवास पर सिरोपा पहनाकर और गुरु साहब का चित्र आशीर्वाद स्वरूप उन्हें भेट किया।

वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा स्नातक बोर्ड बनवाने की सरकार द्वारा तारीख बढ़ा दी गई है अब हमें नगर से ज्यादा से ज्यादा स्नातक वोट बनवाने का कार्य करना है। जनपद के जो भी 2022 तक ग्रेजुएट हैं चाहे वह कोई भी कार्य करते हैं उनकी उम्र की कोई सीमा नहीं है आपने चाहे ग्रेजुएशन कहीं से भी की हो आप अपनी वोट बनवा सकते हैं।



इस चुनाव के लिए प्रत्येक ग्रेजुएट को हर 6 वर्ष बाद होंने वाले चुनाव मेँ हर बार नए सिरे से वोट बनवानी पडती हैं। आपकी 6 वर्ष पहले बनी वोट चुनाव के बाद निरस्त हो चुकी है अब 10 दिसंबर तक अपने वोट बनवाकर मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत करवा सकते है। आपका वोट,आपकी ताकत ह।

इस दौरान वासिल तोमर, महानगर महासचिव योग, जेपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# भव्य कीर्तन समागम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज, भाई सतीदास, भाई मतीदास एवं भाई दियाला जी के 350वें शहादत दिवस के अवसर पर भव्य कीर्तन समागम का आयोजन किया गया।

स्थानीय पंजाबी एकता समिति एवं गुरुद्वारा कलगीधर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में बीती रात न्यू गोपाल नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु कलगीधर सिंह सभा मेंकार्यक्रम की शुरुआत ग्रंथी ज्ञानी जोगिंदर सिंह जी द्वारा रहिरास साहिब के पाठ से हुई। इसके उपरांत नाम रस सोसाइटी द्वारा श्री सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लुधियाना से आमंत्रित विश्व प्रसिद्ध कीर्तन जत्थे भाई जोधबीर सिंह जी द्वारा किया गया गुरुबाणी कीर्तन रहा, जिसमें श्री गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं एवं शहादत के इतिहास को श्रवण कराया गया। कार्यक्रम की अरदास हैड ग्रंथी ज्ञानी बीर सिंह जी ने की। समारोह का संचालन पंजाबी एकता समिति के अध्यक्ष एम. पी. सिंह चावला ने किया।



कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा कमेटी एवं पंजाबी एकता समिति के पदाधिकारियों कृ अवतार सिंह मिगलानी, राजीव फुटेला, अरुण अरोड़ा, सन्नी परुथी, बब्बू, गुरजीत मल्होत्रा, रमनीक सचदेवा, भानू परुथी, सतीश कुक्कड़, राकेश सचदेवा सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विधायक राजीव गुम्बर, हेमंत अरोड़ा, पाली कालड़ा, सुपनीत सिंह, गौरव गाबा, योगेश दुआ, दविंदर चढ़ा, गोविंदर सिंह, कपिल मल्होत्रा, जी. एस. भोला आदि शामिल रहे।

# पार्षद फजलुर्रहमान ने लगाया विशेष सहायता कैंप

## वार्ड 57 में एसआईआर फार्म भर रहे लोगों को मिली काफी मदद, वार्ड की जनता ने की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य एवं वार्ड 57 के पार्षद फजलुर्रहमान ने एसआईआर फार्म प्रक्रिया से जुड़े कार्यों को आसान बनाने के लिए एक विशेष मतदाता सहायता कैंप लगाया। जिससे वार्ड के लोगों को फार्म भरने में काफी मदद मिली।

सराय मरदान अली इलाके में लगाये गये कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और टीम द्वारा मतदाताओं के पुराने रिकॉर्ड, प्रपत्र भरने तथा दस्तावेज सत्यापन का काम बेहद सुगमता से किया गया। पार्षद फजलुर्रहमान ने स्वयं पूरे शि. विर का निरीक्षण करते हुए लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान भी करवाया।



उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों के वोट कट चुके हैं, गलत दर्ज हैं या नए वोट बनवाने हैं, उनके प्रपत्र आगामी कैंप में 6 या 7 तारीख से भरे जाएंगे। इसके लिए उन्होंने मतदाताओं से कहा कि अपने दस्तावेज जैसे जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि तैयार रखें ताकि नए वोट बनवाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप बिल्कुल न घबराएं। एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित कोई भी कार्य हो, मैं हर समय आपकी सेवा में उपलब्ध हूं। आप तुरंत मेरे मेहंदी सराय स्थित कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

इस दौरान वार्ड 68 के पार्षद हाजी इमरान सैफी, पार्षद प्रति. निधि रेहान अली, सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष फैजानुर्रहमान, साकिब अली, मोहम्मद साजिद, अरशद जमाल, हाजी बहार खान, हाजी सगीर चौधरी, मोहम्मद वली, चौधरी मुबारक अली, अकबर अंसारी, डॉक्टर नईम चौधरी, इनाम मोहम्मद, परवेज, दिलदार आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मिलों में की जाए अलाव की व्यवस्था: ओपी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने सभी चीनी मिलों को निर्देश दिए हैं कि अब रात्रि में ठंडी बढ़ने लगी है ओर ऐसे में गन्ना लेकर आने वाले किसानो को ठंडी से बचाव के लिए चीनी मिल में यार्ड में, कांटे के पास ओर अन्य सभी जगह भरपूर मात्रा में अलाव जलाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

ओ पी सिंह ने बिडवी चीन मिल में निरीक्षण करते हुए कहा कि अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं करने वाली चीनी मिलों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी प्रत्येक निरीक्षण अधिकारी कांटे के निरीक्षण के दौरान अन्य व्यवस्थाओं के साथ साथ अलाव जलाने की जांच अनिवार्य रूप से करें और इसका उल्लेख निरीक्षण रिपोर्ट में अवश्य करें। मण्डल के तीनो जनपदों के सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने अपने चीनी मिल क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण करते रहे ओर रात्रि में औचक निरीक्षण कर यह देखेंगे की किसानो को ठंडी से बचाव के लिए उचित इंतजाम किए गए हैं अथवा नहीं।



चीनी मिलों के अध्याशीयो को निर्देश जारी करते हुए उप गन्ना आयुक्त ने कहा कि गन्ना लेकर आने वाले किसानो को रात्रि में यदि कोई किसान रुकना चाहते हैं तो मिल गेट पर रैन बसेरे में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रहनी चाहिए। साथ ही पेयजल की व्यवस्था अनिवार्यत रहे। मिल यार्ड में रात्रि में भरपूर प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होंने रात्रि में गन्ना लेकर चलने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर पट्टियां लगाने के भी निर्देश दिए उन्होंने चीनी मिल बिडवी में निरीक्षण के दौरान स्वयं रिफ्लेक्टर पट्टियां लगाई ओर उपस्थित किसानो को इसके प्रति जागरूक भी किया।

### मोबाइल चोर जेल भेजा

**नकुड़।** मोबाइल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि धौराला निवासी मुजम्मिल पुत्र जुम्मा की ओर से मोबाइल चोरी की तहरीर दी गई थी जिसमें अज्ञात चोर के विरुद्ध कार्रवाई व मोबाइल बरामदगी की मांग की गई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए मोबाइल चोरी के आरोपी तालिब पुत्र इसरार निवासी खजूरहेड़ी को पिलखनी में शराब के ठेके के निकट से गिरफ्त में ले लिया। तलाशी के दौरान आरोपी से चोरी किया गया मोबाइल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# कलीराम कॉलेज के 3 छात्रों ने जीते गोल्ड मैडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** मां शाकम्बरी देवी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में चौधरी कलीराम महाविद्यालय के तीन छात्रों द्वारा गोल्ड मेडल जीतने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक महाविद्यालय के सचिव रजनीश नौसरान ने बताया कि गत दिवस आइ आइ एम टी मे आयोजित अन्तर महाविद्यालय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता मे उनके महाविद्यालय के सालिम ने 65 किलोग्राम वर्ग भार, आमिर 88 किलोग्राम वर्ग भार व अदिति ने 86 किलोग्राम वर्ग भार मे गोल्ड मेडल जीता है। छात्र छात्राओ की इस उपलब्धि पर प्रबंधक महेंद्र नौसरान, प्राचार्य अमिता चौहान, कोच अनिल स्वामी, शक्ति सिंह, रवि कुमार, सुधीर कुमार, संजय कश्यप, निशा, खुशी, रजनी शर्मा, कीर्ति त्यागी, साक्षी शर्मा आदि सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राओ ने विजेताओं का मनोबल बढाते हुए उन्हे बधाई दी है।

# कमिश्नर से मिला भाकियू वर्मा का डेलीगेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा का डेलीगेशन कमिश्नर से मिला और ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में डेलीगेशन ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कमिश्नर को सौंपा और कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। इसके बावजूद भी देश के अन्नदाता किसान कर्ज बंद होकर आत्महत्या करने को मजबूर हैं। किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य तो दूर सरकार लागत मूल्य भी नहीं दिला पा रही हैं। गन्ना उत्तर प्रदेश की मुख्य फसल है नगदी फसल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि शुगर कंट्रोल ऑर्डर 1966 के अनुसार जिन चीनी मिलों पर गन्ना भुगतान व ब्याज बकाया है उन्हें गन्ना किसानों से दुलाई किराया काटने का कोई अधिकार नहीं है। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि मंडल की 19 चीनी मिलों पर 755 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है।



राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अशोक मलिक ने कहा कि देश के अन्नदाता किसानों की क्रय शक्ति बढ़ाने से ही देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि घटतौली करने वाले चीनी मिलों के मालिकों को जेल भेजा जाए।

प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय संरक्षक रामचंद्र गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल, प्रदेश मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी, ओंकार सिंह एडवोकेट शामिल रहे।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव सूबरी मेहराब मे एक नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भिजवाया।

मिली जानकारी के मुताबिक गागलहेडी थाना क्षेत्र के गांव चौरादेव निवासी अमरेश कुमार की पुत्री तनु की शादी करीब सात महिने पहले सूबरी मेहराब निवासी ललित के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति पत्नी में अनबन चल रही थी। मंगलवार की रात किसी समय तनु ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबियत खराब होने पर ससुरालीजन उसे निजी चिकित्सक के यहां सहारनपुर ले गये जहां पर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पंहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया। उधर घटना के बाद मृतका के ससुराल जन फरार है। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# मॉक संसद प्रतियोगिता में सोफिया बेस्ट टीम का अवार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 'संविधान दिवस' के अवसर पर ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालय मॉक संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें सोफिया गर्ल्स सीनियर सैकेन्डरी स्कूल को बैस्ट टीम का अवार्ड मिला।

स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की निदेशक श्रीमति सफिया सुबोही ने छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। संयुक्त निदेशक सय्यद अमीर हमजा ने प्रतिभागियों के अनुशासन एवं समपर्ण की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल, सोफिया गर्ल्स सीनियर सैकेन्डरी स्कूल पाइनवुड पब्लिक स्कूल व बजाज इन्टरनेशनल स्कूल ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सोफिया




स्कूल को बैस्ट टीम, बैस्ट स्पीकर, बैस्ट क्वेश्चन, पाइनवुड स्कूल को बैस्ट ड्राफ्ट व ब्राउन वुड स्कूल को बैस्ट पार्लियामेंटेरेन का अवार्ड मिला। मूल्यांकन टीम में मनीषा सैनी, निगर व शबाना बारी एडवोकेट शामिल रही। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में अरूबा, रक्शंदा, शाहजेब खान, अब्दुल हादी, अलीम, शबीना अंजुम का योगदान रहा। कार्यक्रम का संच. ालन वास्तविक भारतीय संसद की प्रक्रिया के अनुरूप किया गया, जिसमें प्रश्नकाल, शून्यकाल, विधेयक प्रस्तुति, नीतिगत चर्चा एवं वाद–विवाद शामिल रहे। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अनुशासन, आत्मविश्वास और संसदीय मर्यादा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### बाबा साहब को नमन

**सहारनपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस महिला शक्ति ने आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी के नेतृव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, महिला सदस्यों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर राष्ट्रहित, समानता और सामाजिक सद्भाव का संकल्प लिया।

बामियान बुद्ध विहार, अंबेडकरपुरम में आयोजित कार्यक्रम जिला अध्यक्ष श्वेता सैनी ने कहा कि भारतीय संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है, जो प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाकियू तोमर के प्रदेश अध्यक्ष बने चौ. धर्मेंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष चौधरी धर्मेंद्र तोमर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान कराना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष चौधरी धर्मेंद्र तोमर आज दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने जिस विश्वास के साथ उन्हें प्रदेशाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है, उस पर वह हर संभव खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आज किसानों की अनेक समस्याएं हैं जिनका समाधान कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। तोमर ने कहा कि प्रदेश में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें किसानों का एक्सीडेंट हो रहा है, गन्ना भुगतान में विलंब होने के कारण किसानों को आर्थिक और मानसिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने विद्युत अधिकारियों पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि वह वसूली के नाम पर किसानों का आर्थिक और मानसिक शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान समितियों पर खाद लेने के लिए किसानों को भारी परेशानियों का



सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर 13 दिसंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर के निर्देश पर महापंचायत की जाएगी जिसमें भारी संख्या में किसान सम्मिलित होंगे और आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। इस अवसर पर चौधरी मुकेश कुमार, राजदीप चौधरी, बालेश चौधरी, अंकुर राठौर, दीपक चौधरी, विसरत, इरशाद चौधरी, संजीव बालियान, चौधरी प्रताप राठी आदि किसान मौजूद रहे।

# किसानों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय आहवान पर भारतीय किसान यूनिट टिकैत द्वारा सैकड़ो किसानों ने आज मांगों को लेकर जिला अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन भी को सौंपा गया।

किसानो ने सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने बताया कि जब चुनाव आते हैं तो सरकार बड़े–बड़े वादे करती है और जब जीत जाती है तो अपने वादों को धरातल पर पूरा नहीं करती किसानों से भी सरकार ने चुनाव के दौरान पांच साल पहले वादा किसानों को लेकर किये थे किसानों को गन्ना भुगतान सरकार ने 14 दिनों के अंदर ब्याज सहित देने का वादा किया था पर ऐसा नहीं हो रहा है सहारनपुर में बजाज शुगर मिल और अन्य शुगर मिलों पर किसानों का गन्ने का करोड़ों रुपए भुगतान बकाया है कई बार किसान गन्ना भुगतान को लेकर मांग पत्र भी दें चुके हे और गन्ना भुगतान मिलो से दिलवाने की मांग जिला अधिकारी से और सरकार से कर चुके हैं पर किसानों का गन्ना भुगतान पिछले सत्र का जो अभी तक भुगतान नहीं हुआ है उसको लेकर किसान अब आक्रोषित हो गए हैं उन्होंने सरकार के साथ–साथ जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि हम तो कई बार जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दे चुके हैं कि उनका गन्ना मूल्य दिलवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में मण्डल अध्यक्ष अशोक चौधरी, जिला अध्यक्ष नरेश स्वामी, किसान नेता विनय चौधरी, अरुण राणा, रेखा बालियान किसान, रघुवीर सिंह, अशोक चौधरी,धर्म वीर गुजर, सीता राम राणा, संजय चौधरी, श्याम सिँह, अमित मुखिया, पोटन, मुकेश तोमर,सुरेश प्रमुख, ललित, उमेश त्यागी, आदि किसान मौजूद रहे।

